छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2024 सत्र

गुरुवार, दिनांक 8 फरवरी, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

महादेव सट्टा ऐप व अन्य सट्टा ऐप के प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[गृह]

1. (*क्र. 338) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2020 से नवम्बर, 2023 तक महादेव सट्टा ऐप व अन्य सट्टा ऐप के संबंध में किसके द्वारा, कब-कब व क्या-क्या शिकायत किससे की गई है? शिकायतवार जानकारी देवें? इन शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं की गई है तो क्यों? **(ख)** क्या यह सही है कि इस संबंध में विभिन्न थानों में शिकायत/एफआईआर भी दर्ज की गई है? यदि हॉ, तो किन-किन थानों में, किनके द्वारा, कब व किनके विरूद्ध शिकायत दर्ज की गई है एवं इस पर कब व क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ? **(ग)** क्या कंडिका ''क'' अनुसार ऐप के संबंध में केन्द्रीय एजेंसी ईडी के द्वारा कार्यवाही की गई है तथा क्या चालान या जानकारी राज्य शासन को उपलब्ध कराई गई ? यदि हॉ, तो इसमें किस-किस को, किन-किन कारणों से आरोपित किया गया है? आरोपीवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ राज्य में महादेव सट्टा ऐप की कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अन्य सट्टा ऐप में शिकायत निरंक है। शिकायतों की विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** जी हॉ। कुल 90 अपराध पंजीबद्ध किये गये हैं, की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** एवं **प्रपत्र ''स''** अनुसार है। **(ग)** ईडी केन्द्रीय जॉच एजेन्सी है। जिस पर राज्य शासन का नियंत्रण नहीं होने से जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।

रायगढ़ जिले में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों की जानकारी

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

2. (*क्र. 89) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिले में विकासखण्डवार वर्ष 2020 से नए स्वीकृत एवं पुराने स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों की संख्या तथा कार्य प्रारंभ, कार्य अधूरा एवं कार्य पूर्णता की जानकारी देवें ? **(ख)** पूर्व में मुख्यमंत्री आवास योजना तहत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास में जोड़ा गया है या उनको अलग रखा गया है ? वर्तमान में आवास प्लस में नामित हितग्राहियों को भी आवास मिलेगा अथवा नहीं ? **(ग)** अधूरे आवास एवं नये आवास को पूर्ण करने हेतु कितनी समयावधि का लक्ष्य रखा गया है ? निश्चित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण करने के लिए क्या-क्या कार्ययोजना है, जिससे हितग्राहियों को लाभ मिल सके?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2020-21 से आज पर्यन्त प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** में एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ख)** पूर्व में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में नहीं जोड़ा गया है। वर्तमान में आवास प्लस में नामित हितग्राहियों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया गया है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** में एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

''छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023'' बजट एवं व्यय राशि का उद्देश्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

3. (*क्र. 42) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में ''छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023'' कब से कब तक चलाया गया? और इसका उद्देश्य क्या है यह सर्वेक्षण ग्रामीण/शहरीय किन-किन क्षेत्रों में करवाया गया? इस सर्वेक्षण का उपयोग सरकार की किन योजनाओं व कार्यो के लिए किया गया? क्या इस सर्वे का पुनःपरीक्षण कराया गया था ? यदि हां, तो कारण क्या था और उसका परिणाम क्या रहा? इसके आधार पर कितने लोग लाभांवित हुये? **(ख)** उक्त अभियान के लिये कितनी राशि की आवश्यकता थी और कितना बजट रखा गया है एवं कुल कितनी राशि, किस मद से, किन-किन कार्यो के लिये व्यय की गयी? **(ग)** उक्त अभियान के मुख्य बिन्दु क्या-क्या हैं तथा इसके परिणाम क्या रहे हैं? इससे ग्रामीण/शहरीय क्षेत्रों में किन-किन वर्गो से, कितने लाभान्वित हुये तथा उनको क्या-क्या लाभ प्राप्त हुये? **(घ)** उक्त अभियान के दौरान कितने गांवों का सर्वे, किस विभाग द्वारा कराया गया ? किन-किन जन प्रतिनिधियों तथा किस स्तर के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा एवं किस विभाग ने सर्वेक्षण कराया ? क्या-क्या कमियां इन गांवों में पायी गयीं? उन कमियों का निराकरण करने हेतु क्या-क्या योजनायें बनाकर उन कमियों को दूर किया गया?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रदेश में ''छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023'' 01 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक किया गया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं का ग्रामीण परिवारों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना एवं उसके आधार पर नई योजना एवं नीतियों का निर्माण करना है। यह सर्वेक्षण राज्य के ग्रामीण क्षेत्रो में करवाया गया। इस सर्वेक्षण में चिन्हांकित 47,090 आवासहीन परिवारों को ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत् लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया। इस सर्वे का पुनः परीक्षण नही कराया गया। **(ख)** उक्त अभियान के लिये राशि रू 15.97 करोड़ की आवश्यकता थी एवं राशि रू 14.00 करोड़ का बजट प्राप्त हुआ है, जिसके व्यय का विवरण मदवार **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ग)** सर्वे कार्य के मुख्य बिन्दु हैं- आवास की स्थिति, ईंधन स्त्रोत की जानकारी, सिंचाई साधनों से संबंधित जानकारी, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, व्यवसाय, भूमि, शिक्षा एवं परिवार के आय की स्थिति। इसके परिणाम की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। सर्वे में चिन्हांकित 47,090 आवासहीन परिवारों को ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत् लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया। **(घ)** उक्त अभियान के दौरान 20,111 ग्रामो में सर्वे किया गया। सर्वे कार्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय विभिन्न विभागों के मैदानी अमलों के सहयोग से संपन्न कराया गया। सर्वे मंे पायी गयी कमियां एवं उसके निराकरण के लिये की गई कार्यवाही का विवरण **संलग्न ''प्रपत्र-स''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

बिलासपुर जिला अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

4. (*क्र. 486) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा विगत 03 वर्षों में कुल कितने श्रमिकों का पंजीयन किया गया है,? वर्षवार विवरण दीजिए? **(ख)** कंडिका ''क'' के पंजीकृत श्रमिकों को विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजना के तहत् राशि एवं सामान का वितरण किया गया हैं? वर्षवार वितारित राशि व सामग्री का विवरण दीजिए?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत विगत 03 वर्ष (वर्ष 2021 से 2023) में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 16921 निर्माण श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 41551 असंगठित कर्मकार एवं छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 4948 संगठित श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। मण्डलवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र -''अ''** अनुसार है।**(ख)** श्रम विभाग के अधीन मण्डलों के अंतर्गत संचालित योजनाओं में वर्ष 2021 से 2023 तक की अवधि में लाभांवित हितग्राही, व्यय राशि एवं सामग्री वितरण की मण्डलवार, योजनावार तथा वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र -''ब''** अनुसार है । **[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]**

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

5. (*क्र. 504) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं श्रमिक कल्याण हेतु संचालित की जा रही हैं? **(ख)** इन योजनाओं में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कितने श्रमिक पंजीकृत हैं? इन पंजीकृत श्रमिकों को वर्ष 2021-22 से 2023 (दिसंबर) तक किन-किन योजनाओं के तहत् लाभान्वित किया गया ? कितने श्रमिकों के आवेदन लंबित हैं? **(ग)** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ के कुल कितने व्यक्ति लाभन्वित हुए?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत वर्तमान में संचालित योजनाओं की मण्डलवार जानकारी **संलग्न 'प्रपत्र-अ'**अनुसार है। **(ख)** श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों का योजनांतर्गत पंजीयन नहीं किया जाता है, अपितु मंडलों द्वारा श्रमिकों का पंजीयन किया जाकर मण्डल अंतर्गत संचालित योजनाओं में आवेदन करने पर पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जाता है। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 31.12.2023 तक की स्थिति में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 24894 निर्माण श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 11466 असंगठित कर्मकार तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में 259 संगठित श्रमिक पंजीकृत है।वर्ष 2021-22 से 2023-24 (31, दिसंबर की स्थिति में) लाभान्वित पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रितों की संख्या तथा योजना अंतर्गत लंबित आवेदन की मण्डलवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न 'प्रपत्र-ब'**अनुसार है। **(ग)** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना नाम से कोई योजना संचालित नही की जा रही है। अतः जानकारी **निरंक** ग्राह्य की जावे।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण कार्य की अपूर्णता पर कृत कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (*क्र. 360) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2019 से नवम्बर, 2023 तक तक छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा एसएलसी एजुकेशन सोसाईटी हैदराबाद, ओम प्रकाश एजुकेशन सोसाईटी पंजाब व अन्य किन-किन संस्थाओं को कितनी राशि का, किस-किस कार्य के लिये भुगतान/अग्रिम दिया गया है? वर्षवार, संस्थावार, राशिवार (भुगतान/अग्रिम) जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार कितनी व कितने प्रतिशत राशि, अग्रिम दी गई तथा अग्रिम देने के पूर्व अंकेक्षित वित्तीय प्रतिवेदन (ऑडिट रिपोर्ट) भारत सरकार अधिसूचना नं. 19/2019 के अनुसार संस्था के द्वारा प्रस्तुत किया गया है और यदि नहीं तो किस आधार पर भुगतान/अग्रिम दिया गया है? वर्षवार बताएं। **(ग)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार अवधि में छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत किन-किन संस्थाओं के द्वारा निर्धारित समय सीमा पर प्रशिक्षण/कार्य पूर्ण नहीं किये जाने पर उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? वर्षवार, संस्थावार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांश अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्य के लिए भुगतान/अग्रिम जारी राशि का वर्षवार, संस्थावार, राशिवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-एक''** अनुसार है। **(ख)** संस्थाओं को कार्य की प्रगति के आधार पर प्रथम तथा यथा पात्रता द्वितीय/तृतीय किश्त के रूप में अग्रिम दी जाती है, तद्नुसार प्रश्नांश **(क)** अवधि में 2,27,72,86,768/- राशि अग्रिम दी गई, जो कि 98.40 है। अग्रिम राशि का समायोजन परियोजना समाप्ति (चतुर्थ किश्त) में किया जाता है। संस्थाओं के द्वारा अंकेक्षित वित्तीय प्रतिवेदन (ऑडिट रिपोर्ट) भारत सरकार अधिसूचना नं. 19/2019 के अनुसार प्रस्तुत की गई है। **(ग)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-दो''** अनुसार है।

जिला सुकमा में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा कराये गए कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

7. (*क्र. 411) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सुकमा में वर्ष अप्रैल, 2022 से 15 जनवरी, 2024 तक ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, सुकमा द्वारा कौन-कौन से कार्य कराये गए? स्थलवार, कार्यवार, प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक सहित बतावें? **(ख)** उक्त कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है तथा कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? वित्तीय भुगतान स्थिति भी बताइए?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

जिला- मुंगेली के थानों में लंबित सदरी शिकायतों की अद्यतन स्थिति

[गृह]

8. (*क्र. 354) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला- मुंगेली के थानों में सदरी शिकायत (जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थानों को जॉच तथा एफआईआर हेतु भेजी गयी है? जनवरी, 2021 से दिनांक 31 दिसंबर, 2023 तक की स्थिति में कितनी संख्या में सदरी शिकायतें लंबित हैं? ऐसी कितनी शिकायतें हैं जो 03 वर्षो से अधिक समय से लंबित हैं तथा लंबित होने के कारण क्या हैं? **(ख)** क्या थानों में सदरी शिकायतों के निकाल करने/निराकरण करने की कोई समय सीमा निर्धारित हैं? यदि हां, तो कितनी समय सीमा के अंदर निराकरण किया जाता हैं? **(ग)** जिला- मुंगेली में वर्ष 2021 से दिनांक 31 दिसंबर, 2023 तक ऐसी कितनी शिकायतें दी गयी हैं तथा कितनी शिकायतें प्रश्न दिनांक तक लंबित हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ। प्रश्नाधीन अवधि में 93 सदरी शिकायतें लंबित हैं। तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित शिकायतों की संख्या निरंक है। सदरी शिकायतें, जॉच में प्रक्रियाधीन होने के कारण लंबित हैं।**(ख)** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत शिकायत पत्र/आवेदन पत्र पर की गई कार्यवाही की जानकारी हेतु लोकसेवा गारंटी अधिनियम वर्ष 2011 के तहत् 30 कार्य दिवस निर्धारित की गयी है। **(ग)** प्रश्नांश अवधि तक जिला मुंगेली में प्राप्त सदरी शिकायतों की संख्या 2970 है, जिसमें से 93 सदरी शिकायतें लंबित हैं।

श्रम विभाग जिला बालोद को विभिन्न मदों में आबंटित राशि व व्यय

[श्रम]

9. (*क्र. 528) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वित्तीय वर्ष 2020-21 से दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक की अवधि में श्रम विभाग जिला बालोद को विभिन्न मदों में, कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है? वर्षवार, मदवार जानकारी

देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' में आबंटित राशि का उपयोग, किन-किन योजना मदों में किया गया तथा किस-किस योजनांतर्गत कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया ? जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रश्नांकित अवधि में जिला बालोद को श्रम विभाग के श्रमायुक्त संगठन एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत आबंटित बजट की वर्षवार एवं मदवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'अ'** एवं **'ब'** अनुसार है।छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल अंतर्गत जिलों को बजट आबंटन करने का प्रावधान नहीं है।**(ख)** प्रश्नांकित अवधि में योजना मदों में आबंटित राशि का व्यय एवं योजनावार लाभान्वित की मण्डलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'स'** एवं **'द'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

ईएसआईसी अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु दवाई खरीदी में अनियमितता की शिकायत पर कार्यवाही

[श्रम]

10. (*क्र. 542) सुश्री लता उसेंडी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- अप्रैल, 2022 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक राज्य शासन द्वारा संचालित ईएसआईसी औषधालयों में कौन-कौन सी दवाईयां, कितनी मात्रा, किस फर्म से व किस दर से कुल कितनी राशि की खरीदी गई है? इस हेतु कितनी राशि प्राप्त हुई है? कितनी शेष हैं एवं कितनी व्यय हुई है? इसमें कितनी राशि की दवाईयां कालातीत हुई हैं? दवाई खरीदी के संबंध में उक्त अवधि में प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : अप्रैल, 2022 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक राज्य शासन द्वारा संचालित ईएसआईसी औषधालयों में खरीदी गई दवाईयॉ, मात्रा, फर्म, दर तथा कुल राशि की जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। इस हेतु वर्ष 2022-23 में राशि रू. 38,00,00,000/- (अक्षरी-अड़तीस करोड़ रूपये) तथा वर्ष 2023-24 में राशि रू. 40,00,00,000/- (अक्षरी-चालीस करोड़ रूपये) का बजट प्रावधान छ.ग. कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी द्वारा किया गया है। वर्ष 2022-23 में राशि रू. 1,12,34,940 (अक्षरी-एक करोड़ बारह लाख चौतीस हजार नौ सौ चालीस रूपये) शेष था तथा राशिरू. 36,87,65,060/- (अक्षरी- छत्तीस करोड़ सत्यासी लाख पैसठ हजार साठ रूपये) व्यय हुआ तथा वर्ष 2023-24 में 10 जनवरी तक राशि रू. 3,95,99,200/- (अक्षरी- तीन करोड़ पनचान्वे लाख निन्यानबे हजार दो सौ रूपये) शेष है एवं राशि रू. 36,04,00,800/- (अक्षरी- छत्तीस करोड चार लाख आठ सौ रूपये) व्यय हुई है। (वर्ष 2023-24 में दवाईयों हेतु राशि रू. 39,10,77,534/- (अक्षरी- उनचालीस करोड़ दस लाख ससत्तर हजार पांच सौ चौतीस रूपये) के प्रदाय आदेश जारी किये गये है। जिसमें से राशिरू. 36,04,00,800 (अक्षरी- छत्तीस करोड चार लाख आठ सौ रूपये) का भुगतान हो चुका है शेष भुगतान प्रक्रियाधीन है।) प्रश्नांश अवधि में कोई भी दवाई कालातीत नही हुई है। दवाई खरीदी के संबंध में उक्त अवधि में प्राप्त शिकायत पर जॉच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है ।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के पात्र हितग्राहियों की संख्या

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

11. (*क्र. 553) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की संख्या कितनी-कितनी है? जिलेवार बतावें? **(ख)** इस योजना के अंतर्गत आवास गृह निर्माण का लक्ष्य, पूर्ण, अपूर्ण तथा अप्रारंभ आवास गृह एवं लागत का वर्षवार विवरण बताएं? **(ग)** इस योजना के लिए केंद्रांश राज्यांश एवं प्राप्त तथा अप्राप्त राशियों का वर्षवार विवरण बताएं? **(घ)** प्रस्तावित 18 लाख आवास गृहों के निर्माण का विवरण बताएं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतिक्षा

सूची के 18,75,580 एवं आवास प्लस सूची के 8,19,999 चिन्हांकित पात्र परिवारों का विवरण **''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** इस योजना अंतर्गत उत्तर दिये जाने की तिथि तक आवास गृह निर्माण का कुल लक्ष्य 11,76,142 है, जिसमें 9,55,390 आवास पूर्ण, 2,20,752 आवास अपूर्ण तथा 4015 आवास अप्रारंभ है। लागत का वर्षवार विवरण **''प्रपत्र-ब''**अनुसार है। **(ग)** वर्षवार विस्तृत वित्तीय जानकारी **''प्रपत्र-स''** अनुसार है। **(घ)** प्रस्तावित 18 लाख आवास गृहों के निर्माण में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से स्थायी प्रतिक्षा सूची के शेष 6,99,439 एवं आवास प्लस सूची के 8,19,999 आवास, इस प्रकार कुल 15,19,438 चिन्हांकित परिवारों के आवास शामिल है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

12. (*क्र. 403) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कौन-कौन से निर्माण कार्यो की स्वीकृति दी गई है? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध कितने कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? अपूर्ण हैं? तो क्यों ? कारण बतावें ? **(ग)** वर्तमान में प्रधानमंत्री सड़क योजना की अद्यतन स्थिति क्या हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत PMGSY द्वारा स्वीकृत सड़कों की स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

13. (*क्र. 550) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर जिले में वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितने सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कितनी सड़कें का निर्माण कार्य पूर्ण हैं? कितनी अपूर्ण हैं ? वर्षवार जानकारी देवे? **(ग)** अपूर्ण सड़कों के कार्य की प्रगति की स्थिति क्या है? कब तक पूर्ण होने की संभावना है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) बीजापुर जिले में वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 05 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार वर्ष 2020-21 में स्वीकृत 05 सड़कें पूर्ण है। अपूर्ण सड़कें **निरंक** है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हेतु संपादित एम ओ. यू. एवं प्रदत्त रोजगार

[वाणिज्य एवं उद्योग]

14. (*क्र. 547) श्री किरण देव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2023 तक कितने उद्योगों की स्थापना हेतु शासन द्वारा किन-किन उद्योगपतियों/संस्थाओं के साथ, कितनी-कितनी राशि के एमओयू किये गये हैं? एमओयू के आधार पर कौन-कौन से उद्योग प्रारंभ हो गये हैं? कितने प्रारंभ होने शेष हैं? वर्षवार, संस्था के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' अनुसार स्थापित उद्योगों हेतु गांव / शहर में ग्राम सभा या जनसुनवाई हो चुकी है? यदि हां तो कहां-कहां यदि नहीं तो क्यों? वर्षवार/जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को स्थापित उद्योगों में रोजगार देने हेतु कोई नियम/प्रावधान हैं ? यदि हां तो क्या है ? यदि नहीं तो क्यों ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में जनवरी, 2021 से दिसम्बर, 2023 तक कुल 108 एमओयू निष्पादित किए गए हैं, जिसमें से वर्तमान में 107 एमओयू प्रभावशील हैं। वर्षवार सूची विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है। संस्थाओं का नाम, प्रस्तावित स्थान का नाम, उत्पाद का नाम एवं एमओयूवार प्रस्तावित पूंजी निवेश राशि की जानकारी प्रपत्र-''अ'' के कालम क्रमांक क्रमशः 2, 6, 4 एवं 5 पर दर्शित है। निवेशकों से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल प्रभावशील 107 एमओयू (1 एमओयू निरस्त हो चुका है) में से 12 उद्योगों में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''अ''** के कालम क्रमांक-8 पर दर्शित है। 95 उद्योगों में उत्पादन प्रारंभ होना शेष है।विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''अ''** के कालम क्रमांक -8 पर दर्शित है। **(ख)** जी हां, प्रश्नांश ''क'' अनुसार स्थापित उद्योगों हेतु गांव/शहर में ग्राम सभा या जनसुनवाई हो चुकी है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रश्नांश ''क'' के उद्योगों की स्थापना हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) के तहत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु हो चुकी जन सुनवाई कीविस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार जनवरी 2021 से दिसम्बर 2023 की अवधि में एम.ओ.यू. प्राप्त शेष उद्योगों द्वारा जन सुनवाई हेतु आवेदन नहीं किया गया है। **(ग)** जी हां। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2019-24 के अनुसार स्थापित उद्योगों में स्थानीय निवासियों को अकुशल श्रेणी में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रेणी में न्यूनतम 70 प्रतिशत तथा प्रबंधकीय श्रेणी में न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार दिये जाने का प्रावधान है।

पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत श्रमिकों हेतु संचालित योजनाएं

[श्रम]

15. (*क्र. 392) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कल्याण हेतु कौन-कौन सी योजना संचालित की जा रही है ? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नान्कित अवधि तक कितने श्रमिक पंजीकृत हैं तथा पंजीकृत श्रमिकों को वर्ष 2020 से 12 जनवरी 2024, तक शासन की किन-किन योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया ? योजनाओं अंतर्गत 12 जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने श्रमिकों के आवेदन लम्बित हैं ? विकासखण्डवार/योजनावार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र पण्डरिया के कितने लोग लाभन्वित हुए ? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मण्डल अंतर्गत वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।**(ख)** पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि (वर्ष 2020 से 12 जनवरी 2024) तक पंजीकृत श्रमिकों की मण्डलवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। प्रश्नांकित अवधि में मण्डल अंतर्गत संचालित योजनाओं में लाभान्वित श्रमिक एवं लंबित आवेदनों की मण्डलवार, योजनावार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है। **(ग)** श्रम विभाग एवं अधीनस्थ मंडलों के अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं है।अतः जानकारी **निरंक** ग्राह्य करें।

[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

बेलतरा एवं अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्य एवं राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

16. (*क्र. 490) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 से जनवरी, 2024 तक बेलतरा एवं अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने-कितने ग्राम

पंचायतों में, कितने-कितने कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये हैं ? विकासखण्डवार ,ग्राम पंचायतवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** "प्रश्नांश क" के स्वीकृत कार्यो को पूर्ण नहीं करने के संबंध में कितने एवं किन-किन ग्राम पंचायतों के सरपंचों के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई है ? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार, ग्राम पंचायतों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

जांजगीर-चांपा विधान सभा क्षेत्र में पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरण

[गृह]

17. (*क्र. 501) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2020 से 10 जनवरी, 2024 तक कितने प्रकरण, चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, हत्या के प्रयास, मानव तस्करी, सड़क दुर्घटना, जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थ में कार्यवाही, ठगी तथा अवैध शराब के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये? वर्षवार/थानावार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के दर्ज प्रकरणों में क्या-क्या कार्यवाही की गई? कितने प्रकरणों में अपराधी पकड़े जा चुके हैं? कितने पकड़ से बाहर हैं? कितने मामलों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जा चुका है? कितने में जांच प्रक्रियाधीन है? वर्षवार/थानावार/चौकीवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जांजगीर-चांपा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों की वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** वर्षवार, थानावार, चौकीवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (*क्र. 510) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले पांच वर्षो में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत किस-किस योजना में कितने-कितने विकास कार्यों की कितनी राशि स्वीकृत की गयी? वर्ष अनुसार पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्न **(क)** में उल्लेखित स्वीकृत कार्य में कितने कार्य प्रारंभ होकर पूर्ण हुए? कितने कार्य प्रारंभ नहीं हुए? कितने कार्य अपूर्ण है? **(ग)** गुणवत्ता को लेकर किन-किन कार्यो की शिकायत प्राप्त हुई तथा प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** गुणवत्ता को लेकर कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में स्थापित औद्योगिक कंपनियों द्वारा स्थानीय नागरिकों को प्रदत्त रोजगार

[वाणिज्य एवं उद्योग]

19. (*क्र. 555) श्री रामकुमार यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत औद्योगिक कंपनी आर.के.एम., उचपिंडा एवं डी.बी. पावर प्लांट, बाड़ादहरा-टुण्डरी में स्थापित है ? इन कंपनियों के द्वारा स्थानीय क्षेत्र के कितने नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है ? विवरण देवें ? **(ख)** क्या यह सही है कि कंपनियों की स्थापना के समय जनसुनवाई के दौरान आश्वासन दिया गया था कि अधिग्रहित क्षेत्र के आस-पास के ग्रामीणों की सुविधा हेतु अस्पताल व

स्कूल खोले जाएंगे ? वर्तमान में क्या इन कंपनियों के द्वारा अस्पताल व स्कूल खोले गए हैं ? यदि हां, तो किन स्थानों पर और यदि नहीं तो क्यों ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हाँ, विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत औद्योगिक कंपनी मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्रा.लिमि., ग्राम-उच्चपिण्डा एवं मेसर्स डी.बी.पावर प्रा.लिमि., ग्राम- बाड़ादरहा-टुण्डरी में स्थापित एवं संचालित है। मेसर्स आर.के.एम. पावरजेन प्रा.लिमि. द्वारा कुल 1541 तथा मेसर्स डी.बी.पावर प्रा.लिमि. द्वारा कुल 1188 स्थानीय क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।**(ख)** जी हां, अधिग्रहित क्षेत्र के आस पास के ग्रामीणों की सुविधा हेतु खोले गए अस्पताल व स्कूल की विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

प्रदेश में उद्योगों को दिये जाने वाले अनुदान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

20. (*क्र. 514) श्री इंद्र साव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित उद्योगों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान दिया जाता है? यदि हॉं, तो कितना- कितना अनुदान, किस-किस योजना के अंतर्गत, किस कार्य हेतु दिया जाता हैं? **(ख)** वर्तमान में जिला- रायपुर अंतर्गत वर्ष 2021 से 2023 तक कितने उद्योगों को, कितना अनुदान दिया गया?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी हां, उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित उद्योगों को औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत प्रावधानित अनुसार योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान दिया जाता है। औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले अनुदानों की विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'अ'** पर दर्शित है। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले अनुदानों की जानकारी क्रमशः विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'ब' 'स' एवं 'द'** पर दर्शित है। **(ख)** जिला-रायपुर अंतर्गत वर्ष 2021 से 2023 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वितरित अनुदान की जानकारी विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'ई'** पर दर्शित है।

प्रदेश के किसानों द्वारा आत्महत्या

[गृह]

21. (*क्र. 494) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) 1 अप्रेल, 2020 से 31 जनवरी, 2022 तक कितने किसानों ने, किन - किन कारणों से आत्महत्या की है? जिलेवार जानकारी दें? (ख) किसानों को कितना - कितना मुआवजा दिया गया?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश में किसानों द्वारा की गई आत्महत्या की कारण सहित जिलेवार, वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** मुआवजे का प्रावधान नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पुलिस विभाग में संलग्न निजी वाहन

[गृह]

22. (*क्र. 263) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पुलिस विभाग के अंतर्गत किराए में लिए जाने वाले वाहनों के लिए क्या नियम शर्तें निर्धारित हैं ? कौन-कौन से कितने वाहन कहां-कहां संलग्न हैं? जानकारी देवें? **(ख)** क्या विभाग में संलग्न विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए निविदा प्रकाशित की गई थी? यदि हां, तो कब एवं नहीं तो शासन के किस प्रावधान के अंतर्गत विभागीय कार्यों में निजी विभिन्न वाहनों को संलग्न किया गया है? जानकारी देवें ? **(ग)** क्या पुलिस विभाग अंतर्गत संलग्न किए जाने वाले निजी वाहनों के टैक्सी परमिट अनिवार्य हैं? यदि हां, तो विभाग में संलग्न कितने वाहनों के पास टैक्सी परमिट है, तथा कितनों के पास नहीं है? बिना टैक्सी परमिट के विभाग अंतर्गत संलग्न निजी वाहन को किस सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृति दी गयी? इस हेतु नियमानुसार कौन-कौन जिम्मेदार है? दोषी के उपर क्या कार्यवाही की जाएगी? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पुलिस विभाग अंतर्गत किराए पर लिए जाने वाले वाहनों के लिये वित्त निर्देश 09/2010 आदेशक्र0-172/25/2010/वित्त/ ब-4/चार/रायपुर दिनांक 05/02/2010 में प्रावधान है।जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्कार्पियो-16, पिकप-01 एवं 407-02 कुल 19 वाहन संयुक्त नक्सल अभियान एवं व्हीआईपी सुरक्षा फालो/पायलेट हेतु पुलिस विभाग के अंतर्गत संलग्न किया गया है, वाहनों की सूची **प्रपत्र-'में संलग्न** है। **(ख)** जी नहीं । छ.ग.वित्त एवं योजना विभाग के निर्देश दिनांक 05.02.2010 में प्रावधान अनुसार वाहन संलग्न किये गये है। **(ग)** जी हां । विभाग में संलग्न सभी 19 वाहनों पर टैक्सी परमिट नही है। निजी वाहन को वित्त एवं योजना विभाग के आदेश क्र0 -172/25/2010/ वित्त/ब-4/चार/ रायपुर दिनांक 05/02/2010 के अनुसार स्वीकृति हेतु सक्षम अधिकारी जिला कलेक्टर से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव सितम्बर 2023 से दिसम्बर 2023 तक प्रेषित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी-राजनांदगांव द्वारा जारी पत्र 17.06.2011 के द्वारा छ0ग0 मोटरयान कराधान अधि0 1991 की प्रथम अनुसूची के अनुसार टैक्सी देय नियम का पालन करते हुये निर्धारित किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

बसना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मनरेगा के भुगतान के सम्बन्ध में पंजीबद्ध अपराध पर कृत कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

23. (*क्र. 316) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनरेगा के भुगतान के संबध में वर्ष 2022 से 10 जनवरी, 2024 की अवधि में कोई अपराध पंजीबद्ध हुआ है? यदि हाँ, तो आज पर्यन्त उस पंजीबद्ध अपराध में क्या-क्या कार्यवाही की गयी है? **(ख)** क्या उक्त शिकायत की जाँच पूर्ण हो चुकी है? उक्त जाँच में किन-किन लोगों को दोषी पाया गया? यदि जाँच पूरी नहीं हुई हो तो जाँच की कार्यवाही कब तक पूरी होगी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी नहीं। शेषांश प्रश्न ही उद्भूत नहीं होता। **(ख)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

प्रदेश में संचालित उद्योगों में कार्यरत कर्मियों की दुर्घटना में मौत होने पर प्रदत्त राहत राशि

[श्रम]

24. (*क्र. 519) श्री मोतीलाल साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2021से 10 जनवरी, 2024 तक विभिन्न उद्योगों में कार्यरत मजदूरों की विभिन्न दुर्घटनाओं में कितनी मौतें हुई हैं ? कितने कर्मचारियों के परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया है तथा कितने परिवारों को अंतरिम राहत की राशि प्रदान की गई है? **(ख)** क्या उद्योगों द्वारा कार्यरत कर्मचारियों का बीमा कराया गया है अथवा

नहीं ? यदि नहीं, तो क्यों ? **(ग)** प्रदेश में विगत पांच साल के अंतर्गत कितने उद्योग बंद हुए ? बंद होने के पश्चात कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों का बकाया भुगतान हुआ है अथवा नहीं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2021 से 10 जनवरी 2024 तक की अवधि में विभिन्न कारखानों में कार्य के दौरान घटित दुर्घटनाओं में 231 श्रमिकों की मृत्यु हुई है। 27 मृत श्रमिक परिवार के आश्रित सदस्य को संबंधित कारखाना प्रबंधन द्वारा रोजगार प्रदाय किया गया है तथा कारखाना प्रबंधन द्वारा 231 मृत श्रमिक के आश्रित परिवार को अंतरिम राहत/मुआवजा राशि रूपये 20,25,12,704/- (अक्षरी-बीस करोड़ पच्चीस लाख बारह हजार सात सौ चार) प्रदान की गयी है। **(ख)** कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र में अधिनियम अंतर्गत आने वाले उद्योगों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को बीमित किये जाने संबंधी कार्य क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम रायपुर, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा किया जाता है। उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के बीमा कराये जाने संबंधी कार्यों का प्रवर्तन श्रम विभाग द्वारा नहीं किया जाता है। **(ग)** प्रदेश में विगत पांच वर्ष (वर्ष 2019 से 2023 तक) में 132 कारखाने बंद हुए। 130 बंद हुए कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों/मजदूरो के भुगतान बकाया होने संबंधी कोई सूचना/शिकायत प्राप्त नहीं हुई है तथा दो कारखानों के कर्मचारियों/मजदूरों के बकाया भुगतान के संबंध में की गयी वैधानिक कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]**

जशपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आस्ता में हुए दोहरे हत्याकांड पर कृत कार्यवाही

[गृह]

25. (*क्र. 446) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है, कि जशपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आस्ता में जुलाई, 2020 में दोहरा हत्याकांड की वीभत्स घटना हुई थी ? **(ख)** यदि हाँ, तो क्या उक्त घटना के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर दिया है ? **(ग)** यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है ? यदि नहीं तो इसके क्या कारण है ? **(घ)**विभाग द्वारा इस प्रकरण के आरोपियों को कब तक गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ। **(ख)** जी नहीं।**(ग)** घटना के आरोपी अज्ञात होने से तलाश की जा रही है।**(घ)** पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु ईनाम राशि की उद्घोषणा जारी की गई है। अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। प्रकरण विवेचनाधीन है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रदेश में रोजगार व बेरोजगारी दर

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

1. (क्र. 43) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश के रोजगार पंजीयन कार्यालयों में कितने पंजीकृत नवीन रोजगार चाहने वालों एवं रोजगार बदलने वालों द्वारा पंजीयन कराया गया है तथा विगत पांच वर्षो में औसतन पंजीयन कितना रहा? इन वर्षों में बेरोजगारी दर क्या थी? वर्षवार बतायें तथा किन-किन संस्थाओं द्वारा किस पैमानों के आधार पर बेरोजगारी तय की गयी है? **(ख)** 1 जनवरी, 2019 से 30 नवंबर, 2023 तक कितने लोगों को शासकीय, अर्धशासकीय, व स्वरोजगार या किसी अन्य प्रकार का रोजगार सरकार द्वारा प्रदान किया गया था? प्राप्त रोजगार के आधार पर प्रदेश में कितनी-कितनी बेरोजगारी दर घटी/वृद्धि हुई? तथा घटने/बढ़ने का कारण क्या था? वर्षवार बतायें? **(ग)** क्या सीएमआईई (सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडिया इकॉनोमिक) गैर सरकारी/सरकारी संस्था है? क्या इस संस्था के आंकड़ों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वीकार किया गया या मान्यता दी गयी है ? यदि हां, तो इस संस्था ने किस आधार पर मूल्यांकन किया है और बेरोजगार की परिभाषा क्या दी है? इनके विज्ञापनों पर कितनी राशि व्यय की गयी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रदेश के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्रों में दिनांक 30 नवंबर 2023 की स्थिति में रोजगार इच्छुकों 1817123 (नवीन रोजगार चाहने एवं रोजगार बदलने वाले सम्मिलित) पंजीकृत हैं। वर्ष 2019-20 से लेकर 2023-24 तक पांच वर्षों में औसतन पंजीयन 1913862 (जीवित पंजी में दर्ज) है। इन वर्षों में छत्तीसगढ़ प्रदेश में बेरोजगारी दर जुलाई 2018-जून 2019 में 2.4 प्रतिशत, जुलाई 2019-जून 2020 में 3.3 प्रतिशत, जुलाई 2020-जून 2021 में 2.5 प्रतिशत, जुलाई 2021-जून 2022 में 2.4 प्रतिशत एवं जुलाई 2022-जून 2023 में 2.4 प्रतिशत थी। यह जानकारी भारत सरकार सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) वार्षिक रिपोर्ट हेतु एनएसएसओ द्वारा निर्धारित पैमानों के आधार पर बेरोजगारी दर तय की गयी है।**(ख)** राज्य के रोजगार मिशन पोर्टल में जिला प्रशासन के माध्यम से दर्ज की गई जानकारी अनुसार दिनांक 1 जनवरी 2019 से 30 नवंबर 2023 तक शासकीय क्षेत्र में 30,554, निजी क्षेत्र में 50,774, रोजगार एवं 5,09,755 लोगों को स्वरोजगार प्रदान किया गया है। इन रोजगार के आधार पर बेरोजगरी दर के घटी/वृद्धि संबंधी वर्षवार जानकारी प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित है। प्रदेश में बेरोजगारी दर में घटने/बढ़ने का कारण एनएसएसओ के रिपोर्ट में पृथक से नहीं दी गई है।**(ग)** सीएमआईई (सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडिया इकॉनोमिक) गैर सरकारी संस्था है। जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नही होता है। तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा राशि व्यय नही की गई है। परन्तु जनसम्पर्क विभाग द्वारा विज्ञापनों पर व्यय की गई राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न अपराध के दर्ज प्रकरण

[गृह]

2. (क्र. 157) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के निर्माण दिनांक 02 सितम्बर,2022 के बाद जिले में कितने चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, जुआ-सट्टा, ठगी एवं अवैध शराब के प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? **(ख)** जिला निर्माण के उपरांत जिले में पुलिस विभाग के सेटअप की जानकारी

देवें एवं यदि सेटअप अनुसार पदस्थापना कम है तो कब तक पूर्ण कर ली जावेगी ? **(ग)** जिला पुलिस का भवन/बैरक कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के निर्माण उपरान्त कुल 491 अपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये है, जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** जिले के लिए पुलिस विभाग के सेटअप की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।वर्तमान में छ.ग. पुलिस के उप निरीक्षक संवर्ग के 955 पदों पर एवं आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों की भर्ती प्रक्रियाधीन है, जिनमें जिला मानपुर-मोहला-अम्बागढ़ चौकी के 226 पद सम्मिलित हैं। रिक्त पदों की पूर्ति नियमित भर्ती/पदोन्नति के माध्यम से की जाती है।**(ग)** जिला पुलिस का भवन/बैरक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

जिला मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी में पुलिस विभाग में किराये पर लिए गए वाहन

[गृह]

3. (क्र. 158) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत पुलिस विभाग में कितने शासकीय वाहन हैं तथा कितने वाहन किराए पर लिये गये हैं ? क्या वाहन किराये पर लेने का प्रावधान है ? **(ख)** वाहन किराये का निर्धारण किस प्रकार किया जाता है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) विभिन्न प्रकार के कुल 81 शासकीय वाहन उपलब्ध है । तथा वर्तमान में अस्थायी तौर पर कुल 24 वाहन किराये पर लिये गये है। छ0ग0 शासन वित्त एवं योजना विभाग के आदेश क्र0-172/25/2010/वित्त/ब-4/चार/रायपुर दिनांक 05/02/2010 में उल्लेखित अनुसार नक्सली विरोधी अभियान एवं व्हीआईपी सुरक्षा हेतु वाहन किराये पर लेने का प्रावधान है।**(ख)** राज्य शिष्टाचार अधिकारी छत्तीसगढ़ के पत्र क्र0-159/संस/राशिअ/134/2012 रायपुर दिनांक 04 अप्रैल 2012 के माध्यम से निर्धारित किराये दर के अनुसार वाहनों का किराया निर्धारण किया जाता है।

विकासखंड नगरी एवं मगरलोड में मनरेगा योजना अंर्तगत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

4. (क्र. 248) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक 31 दिसम्बर की स्थिति में विकासखंड नगरी एवं मगरलोड में कितनी - कितनी राशि के कितने कार्य मनरेगा योजना अंर्तगत स्वीकृत किये गए हैं ? स्वीकृत कार्यो में कितने पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्राम्भ हैं ? **(ख)** क्या प्रश्नाशं "क" के स्वीकृत कार्यो की मजदूरी का भुगतान हो चुका है ? यदि नहीं, तो कितनी-कितनी राशि किन कारणों से लंबित है ? मजदूरी का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नाशं 'क' की अवधि में संपादित कार्यों का मजदूरी भुगतान पूर्ण हो चुका है। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

धमतरी वन मण्डल में मनरेगा योजना के तहत् वृक्षारोपण में व्यय राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

5. (क्र. 249) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मनरेगा योजना के तहत् 2021 से 31 दिसम्बर, 2023 तक धमतरी वन मण्डल के तहत् कितनी राशि का वृक्षारोपण किया गया है ? वर्षवार, परिक्षेत्रवार जानकारी देवें ? **(ख)** इनमें से कितनी राशि वृक्षारोपण में एवं कितनी राशि वृक्षारोपण के संरक्षण (कंटीले तार, नाली खुदाई, इत्यादि) कार्य में व्यय की गई ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) महात्मा गांधी नरेगा के तहत् धमतरी वन मंडल में वर्ष 2022 एवं 2023 में वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। वर्ष 2021 में कराये गये वृक्षारोपण की परिक्षेत्रवार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	परिक्षेत्रवार का नाम	वृक्षारोपण पर व्यय (राशि रू. में)
1	केरेगांव	10640
2	बिरगुडी	4632
3	सांकरा	7980
4	दक्षिण सिंगपुर	27360
5	दुगली	0
6	नगरी	1740
योग:-		52352

(ख) इनमें से सभी राशि वृक्षारोपण पर व्यय किया गया है। संरक्षण (कंटीले तार, नाली खुदाई इत्यादि) कार्य में व्यय नहीं किया गया है।

महासमुंद जिले में गांजा तस्करी के दर्ज प्रकरण

[गृह]

6. (क्र. 317) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वर्ष 2020 से अक्टूबर, 2023 तक गांजा तस्करी के कितने प्रकरण दर्ज किये गए हैं ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** वर्ष 2020 से अक्टूबर, 2023 तक कितनी मात्रा का गांजा जब्त किया गया एवं कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं उन पर क्या कार्यवाही की गयी है? **(ग)** जिले में गांजा तस्करी रोकने हेतु क्या - क्या प्रयास किये गये हैं?किये गये प्रयास के क्या परिणाम प्राप्त हुए?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में महासमुंद जिले में गांजा तस्करी के दर्ज किये गये 358 प्रकरणों की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश अवधि में कुल 26093.826 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया एवं 652 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई। वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** महासमुंद जिले की सीमा उड़ीसा प्रांत से लगा हुआ है। देश के विभिन्न राज्यों के लिए गांजा की अंतर्राज्जीय तस्करी को रोकने के लिए जिले के थाना-सिधोड़ा की सीमा पर ग्राम-रेहटीखोल व थाना-बसना के पलसापाली तथा थाना-कोमाखान के ग्राम टेमरी में बेरियर स्थापित है, जहां पर आने-जाने वाले समस्त वाहनों की चेंकिग की जा रही है, जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं तथा निरंतर जॉच के परिणामरूवरूप गांजा तस्करी करने वाले 652 आरोपियों को गिरफ्तार कर 26093.826 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

छ. ग. बीज विकास निगम के द्वारा संचालित पंजीरी /पोषण आहार के संबंध में

[वाणिज्य एवं उद्योग]

7. (क्र. 339) श्री राजेश मूणत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि अतारांकित प्रश्न संख्या 36 दिनांक 03 जनवरी, 2023 में उत्तर दिया गया है कि छ.ग. बीज विकास निगम के द्वारा संचालित पंजीरी/पोषण आहार संयंत्र, रायगढ़ को उद्योग विभाग से उद्यम आकांक्षा (पंजीकरण) तथा उत्पादन प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है? यदि हॉ तो क्यों? इस संयंत्र से किस-किस विभाग के द्वारा, कब-कब अनुबंध किस आधार पर किया गया है? अनुबंध की शर्ते उपलब्ध करावें

? **(ख)** क्या छत्तीसगढ़ शासन के विभागों द्वारा बिना उद्योग विभाग में पंजीकृत व उत्पादन प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं करने वाली संस्था/कपंनी से अनुबंध किया जा सकता है? इस संबंध में शासन के नियम क्या हैं? बीज निगम के द्वारा संचालित अन्य सोया मिल्क व खाद्यान्न उत्पादन संबंधी इकाईयों द्वारा उत्पादन प्रमाण-पत्र प्राप्त क्यों नहीं किया गया तथा इसके संबंध में क्या प्रावधान हैं? **(ग)** प्रश्रांश क के अनुसार उद्योग वर्ष 2021 से नवम्बर, 2023 तक कितना व क्या उत्पादन किया गया है? माहवार जानकारी देवें ? प्रति क्विंटल उत्पादन हेतु विद्युत की अनुमानित खपत एवं शुल्क क्या है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) अतारांकित प्रश्न संख्या 36 दिनांक 03 जनवरी, 2023 में उत्तर निम्नलिखित अनुसार उत्तर दिया गया है ''छ.ग. बीज विकास निगम के द्वारा संचालित पंजीरी संयंत्र रायगढ़ के नाम पर उद्योग विभाग से उद्यम आकांक्षा (पंजीकरण) जारी नहीं किया गया है, अपितु छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड एवं मेसर्स पी.बी.एस. फूडस प्रा.लि. गुड़गांव (हरियाणा) के संयुक्त उपक्रम में मेसर्स छत्तीसगढ़ एग्रो फुड कार्पोरेशन लिमि., चक्रधर नगर, रायगढ़ द्वारा उद्योग विभाग के आॅनलाईन पोर्टल से स्वयं उद्यम आकांक्षा की वैधता जारी दिनांक से दो वर्ष हेतु अर्थात् 17.11.2018 तक वैध थी। इस इकाई के पक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ द्वारा उत्पादन प्रमाण पत्र क्रमांक 91, दिनांक 25.06.2012 जारी है।'' उपरोक्त उत्तर से स्पष्ट है कि इकाई द्वारा उद्योग विभाग की आॅनलाईन पोर्टल से स्वयं उद्यम आकांक्षा पंजीयन क्रमांक 11200144458662, दिनांक 18.11.2016 प्राप्त किया गया है। जबकि उपरोक्त परिसर में स्थापित इकाई के पक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ से उत्पादन प्रमाण पत्र दिनांक 25.06.2012 को कार्यालय द्वारा जारी किया गया था। उत्पादन प्रमाण पत्र एवं उद्यम आकांक्षा की प्रति क्रमशःविस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ एवं ब** पर दर्शित है। छ.ग. शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग एवं छ.ग. शासन, कृषि विभाग के उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के मध्य दिनांक 15.03.2022 को ''रेडी टू ईट फूड'' के प्रदाय हेतु अनुबंध निष्पादित किया गया है। यह अनुबंध में वर्णित कंडिका क्रमांक 1 से 16 की शर्तो के आधार पर किया गया है। अनुबंध की शर्तेंविस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-स** पर दर्शित है। **(ख)** छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) के नियम-3 में सूचीबद्ध वस्तुओं के लिए शासकीय विभागों में प्रदाय हेतु दर अनुबंध एवं प्रदायकर्ता इकाईयों का निर्धारण किये जाने का प्रावधान है। इस प्रावधान में राज्य के विभिन्न निर्माणकर्ताउत्पादनकर्ता एवं उनकी ओर से अधिकृत प्रदायकर्ता का पंजीयन किया जाकर अनुबंध किया जा सकता है। ''रेडी टू ईट फूड'' छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) के नियम-3 में सूचीबद्ध वस्तु नही है।उत्पादन प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में प्रावधान यह है कि संबंधित इकाई को स्वयं संबंधित जिले के जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में इस हेतु आवेदन करना होता है। आवेदन में दिए गए विवरणों के आधार पर सत्यापन उपरांत उत्पादन प्रमाण पत्र संबंधित इकाई के पक्ष में जारी किया जाता है। बीज निगम द्वारा संचालित अन्य सोया मिल्क व खाद्यान्न उत्पादन संबंधित इकाईयों द्वारा संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में कोई आवेदन नही किया गया है। अतः तदुनसार इस हेतु कोई उत्पादन प्रमाण पत्र जारी नही किया गया है। **(ग)** प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योग द्वारा वर्ष 2021-22 में कोई उत्पादन नहीं किया गया है। वर्ष 2022 से नवम्बर 2023 तक रेडी टू ईट फूड एवं फोर्टिफाईड आटे की माहवार उत्पादन की जानकारीविस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-द** पर दर्शित है। छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के द्वारा यह अवगत कराया गया है कि संयंत्र का संचालन डी.जी. सेट से होता है। अतः प्रति क्विंटल उत्पादन हेतु विद्युत खपत के बारे में गणना किया जाना संभव नहीं है तथा डी.जी. सेट से अनुमानित लागत रू. 75 प्रति क्विंटल आंकलित है।

बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में एन. एच. 63 में चिन्नाकवाली-कान्दुलनार तक स्वीकृत सड़क कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

8. (क्र. 345) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत एन. एच. 63 मुख्य सड़क से चिन्नाकवाली-कान्दुलनार तक सड़क निर्माण कार्य कब और कितनी राशि स्वीकृत हुई है? उक्त सड़क मार्ग का कितने किलोमीटर सड़क निर्माण पूर्ण किया गया है, कितना अपूर्ण है? **(ख)** कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत, सड़क एल066 एन.एच.63 से नहीं अपितु 16 से कांदुलनार, लम्बाई 15.00 कि.मी. (स्टेज-ए जी.एस.बी. स्तर तक) राशि रू. 590.37 लाख सड़क निर्माण कार्य वर्ष 2016-17 में स्वीकृत हुआ है। उक्त सड़क मार्ग में 5.50 कि.मी. निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा 9.50 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य अपूर्ण है। **(ख)** उक्त सड़क को सुरक्षा प्राप्त होने की स्थिति में शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत उद्योगों की स्थापना हेतु किए गए एम.ओ.यू.

[वाणिज्य एवं उद्योग]

9. (क्र. 355) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019 से 2023 तक किस-किस स्थान पर, किन-किन उद्योगों की स्थापना हेतु शासन द्वारा किन-किन उद्योगपतियों/संस्थाओं के साथ एमओयू किया गया है? कितने एमओयू के आधार पर कौन-कौन से उद्योग प्रारंभ हो गये हैं? कितने प्रारंभ होने शेष हैं? **(ख)** उपरोक्त अनुबंध के अनुसार क्या स्थापित उद्योगों हेतु ग्राम/शहर में ग्राम सभा या जनसुनवाई हो चुकी है ? यदि हॉ, तो कहां- कहां? यदि नहीं तो क्यों? **(ग)** स्थानीय ग्रामवासियों/शहरवासियों को उद्योगों में कितनी संख्या में नौकरी प्रदान की गई है तथा कितनों को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी प्रदान किये जाने के संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2019 से 2023 तक मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में 3 इकाईयों द्वारा मुंगेली जिले का चयन किया गया है। इन सभी उद्योगों में उद्योग स्थापना का क्रियान्वयन आरंभ हो चुका है। किसी भी उद्योग में उत्पादन आरंभ नहीं हुआ है। विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)** जी हां, निवेशकों द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार 2 उद्योगों में जनसुनवाई हो चुकी है। 1 उद्योग में ग्राम पंचायत स्तर से अनापत्ति प्रदान की गयी है। प्रस्तावित स्थल की जानकारी विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कालम नं. 6 पर दर्शित है। **(ग)** प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास निर्माण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

10. (क्र. 357) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में किन-किन ग्राम पंचायतों में विगत दो वर्षों में एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 15-01-2024 तक की स्थिति में कितने प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं कितने स्वीकृति हेतु प्रस्तावित हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत आवासों में किन-किन ग्राम पंचायतों में कितने आवास, किस कारण से अपूर्ण हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) विकासखंडवार जानकारी **''प्रपत्र''** अनुसार है। राज्य शासन द्वारा 11036 आवास स्वीकृति हेतु नीतिगत निर्णय लिया गया है। **(ख)** जानकारी संलग्न**''प्रपत्र''**अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

स्टेट गैरज हेतु शासकीय वाहनों का क्रय व आबंटन

[गृह]

11. (क्र. 361) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2021 से दिसम्बर, 2023 तक प्रदेश स्टेट गैरज के लिये कौन-कौन से कब-कब एवं कितनी

संख्या में वाहन क्रय किये गए? वाहन खरीदी एवं चलन से बाहर (राईट आफ) करने हेतु शासन के क्या नियम/दिशा-निर्देश हैं? **(ख)** जनवरी, 2024 की स्थिति में प्रदेश के स्टेट गैरेज में कौन-कौन से, कुल कितने शासकीय वाहन चलन में हैं एवं किन-किन को, कौन-कौन से वाहन, कब-कब आबंटित किये गए हैं? विवरण सहित जानकारी देवें? शासकीय वाहन आबंटन के छत्तीसगढ़ शासन के क्या नियम निर्देश हैं? **(ग)** वर्तमान में प्रदेश स्टेट गैरेज में अधीक्षक व द्वितीय व उच्च श्रेणी के अन्य पदों पर कौन-कौन अधिकारी कब से पदस्थ हैं व उनके मूल पद क्या हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में स्टेट गैरेज द्वारा क्रय किये गये वाहनों की विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** तथा वाहन खरीदी एवं चलन से बाहर (राईट ऑफ) करने के संबंध में शासन के नियम/दिशा-निर्देश **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।(ख) विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स''** एवं शासकीय आबंटन के नियम-निर्देश **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''द''** अनुसार है।(ग) श्री राजेश कुमार अग्रवाल, अधीक्षक स्टेट गैरेज के पद पर नवंबर, 2021 से पदस्थ हैं एवं उनका मूल पर सहायक अभियंता, जल संसाधन विभाग है।

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्रांतर्गत श्रमिक कार्ड से लाभान्वित हितग्राही

[श्रम]

12. (क्र. 364) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के अंतर्गत वर्ष 2021 से दिसंबर, 2023 तक कितने श्रमिक कार्ड बनाए गए और कितने निर्माणाधीन हैं? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में श्रमिक कार्ड का लाभ कितने श्रमिकों को मिला? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि तक छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक/जारी श्रमिक कार्ड की मण्डलवार, वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'**अनुसार है।श्रमिक पंजीयन/श्रमिक कार्ड बनाये जाने हेतु कोई भी आवेदन लंबित नहीं है । **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत संचालित योजनाओं से लाभांवितों की मंडलवार, वर्षवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'**अनुसार है।छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में संचालित योजनाओं से लाभान्वितों की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

पण्डरिया विधान सभा क्षेत्र में ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़को का संधारण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

13. (क्र. 393) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़के, कितनी लम्बाई की, कितनी-कितनी राशि की निर्मित की गई हैं? ग्रामवार सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की निर्मित सड़कों में से कितनी सड़कों की 05 वर्ष अवधि पूर्ण होने के बाद संवर्धन हेतु ठेका कितनी-कितनी राशि का, किस-किस एजेंसी/ ठेकेदार को प्रदान किया गया है? कितने का संवर्धन कार्य पूर्ण एवं कितने का अपूर्ण है ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' के कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आया है एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? सड़कवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **''प्रस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है।

जिला बालोद में आत्महत्या के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

[गृह]

14. (क्र. 404) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बालोद में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 11 जनवरी, 2024 तक आत्महत्या के कुल कितने प्रकरण किस-किस थाने में दर्ज हैं? **(ख)** क्या उक्त प्रकरणों की विवेचना कर ली गई है? यदि हां, तो दोषी कौन है एवं उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला बालोद मेंआत्महत्या के कुल-168 प्रकरण थानों में दर्ज हैं। दर्ज प्रकरणों की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** 123 प्रकरणों में जॉच/विवेचना कर ली गई है। शेष 45 प्रकरणों में जॉच लंबित है। अब तक की जॉच में दोषी की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

बस्तर संभागान्तर्गत मुख्यमंत्री अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (क्र. 419) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से वर्ष 2023-24 में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए ? जिलेवार बताइए ? **(ख)** इनमें से कौन-कौन से कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिली है तथा क्यों ? कब तक प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाएगी ? क्या वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य पूर्ण हो जाएगा ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** प्रश्नातंर्गत मुख्यमंत्री अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद योजना के नाम से विभाग में कोई भी योजना संचालित नहीं है, अपितु पंचायत संचालनालय अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजना संचालित की जाती है। जिसकी जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना की मरम्मत योग्य सड़कें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

16. (क्र. 464) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़कों की मरम्मत करायी गयी है? कितनी सड़कें मरम्मत करने योग्य हैं ? **(ख)** मरम्मत कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएँगे ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 101 सड़कों का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य किया गया है एवं 60 सड़कें मरम्मत कार्य योग्य है। **(ख)** बजट उपलब्धता के आधार पर कार्य पूर्ण कराया जाना संभव होगा।

धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

17. (क्र. 466) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र में दिसंबर, 2023 की स्थिति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी नवीन सड़कों का निर्माण कराया गया है? कितनी सड़कों में घटिया निर्माण कार्य की शिकायत प्राप्त हुई है ? **(ख)** शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दिसम्बर 2023 तक 146 नवीन सड़कों का निर्माण कराया गया, जिसमें से 02 सड़कों में शिकायत प्राप्त हुई है। **(ख)** शिकायतों पर की गई कार्यवाही का जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]**

विकासखंड चारामा, भानुप्रतापपुर व दुर्गुकोंदल में मनरेगा योजना के तहत लंबित मजदूरी भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (क्र. 472) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विकासखंड चारामा, भानुप्रतापपुर व दुर्गुकोंदल में वित्तीय वर्ष 2022 -2023 व 2023-2024 में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत कितने मजदूरी व सामग्री भुगतान के प्रकरण लंबित हैं,? लंबित भुगतान कितने समय में होगा ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विकासखंड-चारामा, भानुप्रतापपुर व दुर्गकोंदल में वित्तीय वर्ष 2022-23 के 37 प्रकरणों (कार्यों) एवं 2023-24 के 2,382 प्रकरणों (कार्यों) का मजदूरी व सामग्री भुगतान लंबित है। आबंटन प्राप्त होते ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

बिलासपुर जिला अंतर्गत पुलिस आरक्षक के स्वीकृत एवं रिक्त पद

[गृह]

19. (क्र. 487) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत पुलिस आरक्षक के कुल कितने पद स्वीकृत हैं एवं स्वीकृत पदों के विरुद्ध कितने पद भरे गये हैं एवं कितने पद रिक्त हैं? विस्तृत विवरण दीजिए? **(ख)** कंडिका ''क'' के रिक्त पदों को भरने के लिए शासन द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है ? विस्तृत विवरण दीजिए?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है । **(ख)** वर्तमान में जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग की भर्ती का विज्ञापन दिनांक 04.10.2023 को जारी हुआ तथा दिनांक 01.01.2024 से आनलाइन आवेदन प्राप्त किये जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। जिला बिलासपुर हेतु विज्ञापित पदों का विस्तृत विवरण **संलग्न पत्र-''ब''** अनुसार है। शेष रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पृथक से कार्यवाही की जावेगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

बस्तर रेंज में पदस्थ निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं आरक्षकों के स्थानांतरण संबंधी

[गृह]

20. (क्र. 491) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर रेंज के उपनिरीक्षक, निरीक्षक एवं आरक्षक के स्थानांतरण हेतु शासन के क्या-क्या नियम/मापदण्ड निर्धारित हैं? क्या स्थानांतरण हेतु कोई समय सीमा निर्धारित है ? यदि हॉ ,तो समय-सीमा

क्या है ? **(ख)** बस्तर रेंज में कितने निरीक्षक, उपनिरीक्षक एवं आरक्षक विगत पांच अथवा पांच से अधिक वर्षों से पदस्थ हैं ? विगत पॉच वर्षों से उक्त पदों पर पदस्थ कितने उपनिरीक्षक, निरीक्षक एवं आरक्षकों द्वारा स्थानांतरण हेतु आवेदन किया गया ? कितने को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हां। एस.ओ.पी. क्रमांक 30/18 लागू है। स्थानांतरण हेतु कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। प्रश्न उपस्थित नही होता।**(ख)** बस्तर रेंज में 95 निरीक्षक, 188 उप निरीक्षक एवं बस्तर रेंज के जिलों में 4587 आरक्षक विगत पांच अथवा पांच से अधिक वर्षों से पदस्थ हैं। विगत पांच वर्षों में 110 निरीक्षकों, 169 उप निरीक्षकों एवं 1264 आरक्षकों द्वारा अन्यत्र इकाईयों में स्थानांतरण हेतु आवेदन दिया गया। 83 निरीक्षकों, 99 उप निरीक्षकों एवं 458 आरक्षकों को छत्तीसगढ़ पुलिस की अन्यत्र इकाईयों में स्थानांतरित किया गया है।

प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत आबंटित राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

21. (क्र. 495) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में मनरेगा योजना अंतर्गत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में कितनी राशि आबंटित की गई? इस राशि में केंद्र द्वारा कुल कितनी राशि दी गई? जिलेवार जानकारी दें? **(ख)** मनरेगा की इसी अवधि में कितने कार्य स्वीकृत हुए? कितने पूर्ण हुए? कितने अपूर्ण रहे? कितने अपूर्ण कार्यों का भुगतान किया गया? यदि नहीं, तो कब तक कर दिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्ष 2020-21 में राशि रू. 4291.26 करोड़ एवं वर्ष 2021-22 में राशि रू. 4429.74 करोड़ जारी किया गया है। इस राशि में से केन्द्र शासन द्वारा वर्ष 2020-21 में राशि रू. 3918.23 करोड़ एवं वर्ष 2021-22 में राशि रू. 3886.85 करोड़ दी गई। योजनांतर्गत राशि जिलों को आबंटित नहीं किया जाता है, अपितु योजनांतर्गत संपादित कार्यों में हितग्राहियों एवं सामग्री प्रदायकर्ता के खातों में सीधे राशि हस्तांतरित की जाती है। उक्त अवधि में कुल उपलब्ध राशि मे से जिलेवार व्यय राशि की जानकारी **संलग्न "प्रपत्र"**अनुसार है।**(ख)** जानकारी निम्नानुसार है:

क्र.	वर्ष	स्वीकृत कार्यों की संख्या	पूर्ण कार्यों की संख्या	अपूर्ण कार्यों की संख्या	अपूर्ण कार्यों की संख्या जिसमें भुगतान किया गया है
1	2020-21	250500	227253	15657	15261
2	2021-22	210938	176299	23202	21786

अपूर्ण कार्यों में शेष लंबित भुगतान राशि का आबंटन प्राप्त होते ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। **[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]**

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़कों का संधारण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

22. (क्र. 505) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019 से दिसम्बर, 2023 तक पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़कें, कितनी लम्बाई, की कितनी-कितनी लागत की कब-कब निर्मित की गई हैं ? ग्रामवार सड़कों के नाम सहित जानकारी दें ? **(ख)** उपरोक्त सड़कों में से कितनी सड़कों की 05 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद संधारण हेतु ठेका, कितनी-कितनी राशि का, किस-किस एजेंसी/ठकेदारों को दिया गया है ? कितने कार्य अप्रारंभ, पूर्ण तथा अपूर्ण हैं ? अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? सड़कों के

नाम सहित जानकारी दें ? **(ग)** उपरोक्त कार्यो के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आया है एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? सड़कवार जानकारी दें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** उपरोक्त सभी सड़कें अवधि पूर्ण नही होने के कारण जानकारी निरंक है। **(ग)** उपरोक्त कार्यो के संबंध में 01 शिकायत प्राप्त हुई है कि जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

प्रदेश में घटित नक्सल घटनायें

[गृह]

23. (क्र. 506) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में 01 दिसंबर, 2023 से 15 जनवरी, 2024 तक की अवधि में कितनी नक्सल घटनायें घटित हुई? तिथिवार जिलावार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार घटित घटनाओं में जन-धन की कितनी हानि हुई ? घटनावार बतायें ? **(ग)** प्रदेश में नक्सली घटनाओं को रोकने हेतु क्या ठोस कदम उठाये जा रहे है? विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांश अवधि में छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल 38 घटनाएं घटित हुई हैं। तिथिवार व जिलावार जानकारी **प्रपत्र ''अ'' संलग्न** है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार घटित घटनाओं में हुई जन-धन की हानि की घटनावार जानकारी **प्रपत्र ''ब'' संलग्न** है। **(ग)** प्रदेश में नक्सली क्षेत्रों में निवासरत आम जनता की सुरक्षा एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने तथा रणनीतिक बढ़त हेतु सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में फारवर्ड सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की जा रही है। राज्य पुलिस द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ आसूचना आधारित विशेष अभियानों का संचालन किया जा रहा है। अंदरूनी नक्सल प्रभावित सुरक्षा कैंम्प स्थित ग्रामों को समग्रित विकास केन्द्र के रूप में विकसित किया जाकर आम जनता को सुरक्षा के साथ मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदाय किया जा रहा है एवं शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास में बढ़ोत्तरी हो रही है तथा नक्सलियों का प्रभाव क्षेत्र सिमटता जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

प्रदेश में मनरेगा अंतर्गत भुगतान की गई राशि की

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

24. (क्र. 507) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में 01 दिसंबर, 2023 से 15 जनवरी, 2024 तक की अवधि में मनरेगा अंतर्गत भुगतान की गई राशि, जिलावार बतायें? **(ख)** 15 जनवरी, 2024 की तिथि में प्रदेश में मनरेगा अंतर्गत भुगतान हेतु शेष राशि ,जिलवार बतायें? **(ग)** शेष राशि भुगतान हेतु क्या -क्या कार्यवाही की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** शेष राशि भुगतान हेतु भारत सरकार को राशि आबंटन का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत पंजीबद्ध अपराध प्रकरण

[गृह]

25. (क्र. 511) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में जनवरी, 2023 से 15 जनवरी, 2024 तक कितने अपराध

पंजीबद्ध किये गए हैं? थानावार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्न **(क)** के उत्तर में कितने पंजीबद्ध अपराध का निराकरण कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया गया एवं कितने प्रकरण विवेचना में हैं? थानावार बतावें? **(ग)** जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में इस वर्ष चोरी एवं डकैती के कितने अपराध पंजीबद्ध किये गये? कितने अपराधियों को पकड़ा गया? कितने अपराध में अभी भी विवेचना जारी है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ में पंजीबद्ध अपराधों की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

[गृह]

26. (क्र. 516) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष जनवरी, 2023 से लेकर प्रश्नावधि तक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र भाटापारा के किन-किन थानों में किन-किन आपराधिक प्रकरणों में लिखित शिकायत/अभ्यावेदन के आधार पर कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं? वर्षवार, थानावार जानकारी देवें? **(ख)** प्राप्त शिकायत/अभ्यावेदन के आधार पर क्या कार्यवाही की गई है? प्रत्येक थानावार जानकारी बतायें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में भाटापारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत थानों में लिखित शिकायत/अभ्यावेदन के आधार पर दर्ज आपराधिक प्रकरणों की वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र''अ''** अनुसार है। **(ख)** शिकायत/अभ्यावेदन के आधार पर की गई कार्यवाही की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभान्वितों की संख्या

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

27. (क्र. 518) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत गत पांच वर्षों में, कितने हितग्राहियों को लाभांन्वित किया जाना था और कितनों को लाभान्वित किया गया है ? वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों में कितनों को पूर्ण भुगतान किया गया है और कितनों का शेष है? शेष है तो क्यों ? **(ग)** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना हेतु कितना केन्द्रांश और राज्यांश राशि व्यय किया गया है ? वर्षवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** योजनांतर्गत कुल 5,12,970 हितग्राहियों को आवास पूर्णता उपरांत अंतिम किश्त की राशि का भुगतान किया गया है एवं निर्माणाधीन शेष 2,23,897 हितग्राहियों को आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार राशि का भुगतान किया जाना शेष है। **(ग)** वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

पुलिस कर्मचारियों को आवासगृह आबंटित किये जाने हेतु लंबित आवेदन

[गृह]

28. (क्र. 527) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा प्रदेश में पुलिस कर्मचारियों के लिए कहाँ-कहाँ, कितने

आवासगृह बनाये गये हैं तथा उक्त आवासों में पात्रता के अनुसार कितने पुलिस कर्मचारियों को आवासगृह आबंटित किया गया है? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** दिनांक 15 जनवरी, 2024 की स्थिति में आवास आबंटन हेतु, पुलिस कर्मचारियों के कितने आवेदन लंबित हैं तथा कितने आवासगृह आबंटित एवं रिक्त हैं? जिलेवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) छत्तीसगढ पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा प्रदेश में पुलिस कर्मचारियों के लिए कुल 8870 आवासगृह बनाये गये हे, तथा उक्त निर्मित आवासगृह में से पात्रता के अनुसार 8709 आवासगृह आबंटित किया गया है। विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** दिनांक 15 जनवारी 2024 की स्थिति में आवास आबंटन हेतु पुलिस कर्मचारियों के 6072 आवेदन पत्र लंबित है तथा 16588 आवासगृह आबंटित एवं 759 आवासगृह रिक्त है। विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

राजनांदगाव जिला में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़कों का संधारण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

29. (क्र. 530) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2021 -2022 से प्रश्नावधि तक सड़क नवीनीकरण, संधारण एवं मरम्मत कार्य की स्वीकृति या अनुमति प्राप्त है? यदि हाँ, तो कौन-कौन सी सड़क का नवीनीकरण एवं संधारण का कार्य किया गया है एवं कितने कार्य प्रगति पर हैं? वर्षवार, सड़कवार, कार्यवार, एजेंसीवार, कार्यादेशवार, सड़कवार स्वीकृत व व्यय राशि की दिनांकवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना की वर्षवार, सड़कवार, कार्यवार, कार्यादेशवार, स्वीकृत व व्यय राशि की दिनांकवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

30. (क्र. 531) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वर्ष 2022 - 2023 से प्रश्नावधि तक समग्र विकास योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में संशोधन हेतु प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुए हैं? यदि हॉं, तो प्राप्त संशोधन प्रस्ताव में कितने कार्यों के संशोधन आदेश जारी किये गए हैं एवं कितने प्रस्ताव किस स्तर पर लंबित हैं? लंबित होने के क्या कारण हैं और कब तक संशोधन आदेश जारी कर दिये जायेंगे? जिलेवार, वर्षवार, प्रस्तावावार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां, प्राप्त संशोधन प्रस्ताव में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 791 कार्यों तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत 85 कार्यों के संशोधन आदेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 44 प्रस्ताव शासन स्तर पर एवं 50 प्रस्ताव संचालनालय स्तर पर तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत 36 प्रस्ताव संचालनालय स्तर पर लंबित है। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देश 42/2023 में जारी निर्देश के परिपालन में संशोधन प्रस्ताव लंबित है और कब तक संशोधन आदेश जारी कर दिये जायेंगे, बताया जाना संभव नहीं है। लंबित प्रस्तावों की जानकारी जिलेवार, वर्षवार, प्रस्तावावार **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

31. (क्र. 538) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायतों में कितने निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए हैं ? वर्षवार, जनपदवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क के अनुसार, कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]**

खुज्जी विधानसभा क्षेत्रांतगर्त प्रधानमंत्री /मुख्यमंत्री सड़क योजनांमर्गत स्वीकृत सड़कों पर व्यय राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

32. (क्र. 540) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक किन-किन सड़क मार्ग की स्वीकृति प्रदान की गई है? वर्षवार, योजनावार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका " क " के मार्गो की अद्यतन स्थिति क्या है ? किन-किन सड़कों के निर्माण पर कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ? वर्षवार मार्ग की जानकारी प्रदान करें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक स्वीकृति मार्ग **''निरंक''** है। **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

कोण्डागांव वि.स. क्षेत्र में मनरेगा योजना से संबंधित लंबित भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

33. (क्र. 543) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2020-21 से नवम्बर, 2023 तक मनरेगा योजनांतर्गत कुल कितने कार्य कराये गए हैं? इनमें कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण व अप्रारंभ हैं? कुल स्वीकृत राशि में से कितनी राशि केन्द्रांश एवं राज्यांश सहित व्यय हुई है? कुल कराये गए कार्यो में कितने मजदूरों को रोजगार मिला है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार कार्यो में कितने मजदूरों व सामग्री का भुगतान लंबित है तथा इसमें कितना भुगतान विगत 3 माह की अवधि से लंबित है व क्यों? इनका भुगतान कब तक किया जावेगा? **(ग)** कंडिका ''क'' कीअवधि में कितने प्रकरणों में मांग करने के बाद भी योजनांतर्गत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है व क्यों ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार कार्यों में मजदूरी पर राशि रू. 537.48 लाख एवं सामग्री पर राशि रू. 208.18 लाख का भुगतान आबंटन के अभाव में लंबित है। जो कि विगत 03 माह की अवधि के है। आबंटन प्राप्त होते ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। **(ग)** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत पंजीकृत परिवारों के मांग अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। कंडिका ''क'' की अवधि में मांग के अनुरूप रोजगार प्रदाय किया गया है। अतः 'क्यों' का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों की स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

34. (क्र. 551) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019 से दिसंबर, 2023 तक बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कें स्वीकृत की गई है ? लागत सहित बताएं ? **(ख)** प्रश्नांश-क अंतर्गत कितनी सड़कें प्रारंभ हो चुकी हैं तथा कितनी अप्रारंभ एवं अपूर्ण हैं? **(ग)** वर्तमान में अपूर्ण सड़कों की क्या प्रगति है? अप्रारंभ सड़कों के कारण क्या-क्या हैं ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वर्ष 2019 से दिसंबर, 2023 तक बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 05 सड़कें स्वीकृत की गई है, जिनकी लागत राशि रू. 1572.56 लाख है। (ख) प्रश्नांश-'क' की 05 सड़कें प्रारंभ हुई थी, जो कि पूर्ण है। अप्रारंभ एवं अपूर्ण सड़के **निरंक** है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास क्षमता विकास एवं ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु जारी राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

35. (क्र. 554) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 जनवरी, 2021 स्थित में प्रदेश की ग्राम पंचायतों हेतु मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास, क्षमता विकास एवं ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु कितनी-कितनी राशि जारी की गई है ? विधानसभावार जानकारी देवें ? **(ख)** उपरोक्त कार्यो की 10.01.2024 की स्थिति में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति पूर्ण, अपूर्ण तथा अप्रारंभ स्थिति क्या है ? विधानसभावार जिलेवार जानकारी देवे ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में स्थापित उद्योगों द्वारा देय जलभार एवं सी.एस.आर.मद की राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

36. (क्र. 556) श्री रामकुमार यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में कौन-कौन से उद्योग स्थापित हैं ? इनका अधिग्रहण क्षेत्र कितना है ? इनमें कौन-कौन से गांव शामिल हैं ? विवरण देवें? **(ख)** उन उद्योगों के संचालन हेतु जल आपूर्ति कहां से एवं किस माध्यम से की जाती है ? वर्ष 2019 से प्रश्न अवधि तक उद्योगों द्वारा शासन को जलआपूर्ति हेतु जलभार की कितनी राशि का भुगतान किया गया है एवं किस उद्योग द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है ? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में उद्योगों वर्ष 2019 से प्रश्न अवधि तक सी.एस.आर. मद से कितनी-कितनी राशि से क्या-क्या कार्य स्वीकृत किए गए हैं एवं कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित उद्योगों की विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। उद्योग स्थापना हेतु कुल 449.249 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, इनमें शामिल गांव की विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है। **(ख)** कुल उद्योगों में से 92 उद्योगों की जलापूर्ति भू-जल (बोरवेल) से की जाती है तथा 03 उद्योगों की जलापूर्ति भुगतान व बकाया राशि की जानकारी विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स** पर दर्शित है। **(ग)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में उद्योगों वर्ष 2019 से प्रश्न अवधि तक सी.एस.आर. मद के माध्यम से बोर, खनन, पानी टंकी प्रतिस्थापन एवं पाईपलाईन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसकी लागत राशि रू. 67,41,000/- है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

बस्तर क्षेत्र में गांजा तस्करी के पंजीबद्ध अपराध

[गृह]

37. (क्र. 558) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में बस्तर क्षेत्र में गांजा तस्करी के कितनी मात्रा के, कितने मामले, कितने आरोरियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किये गये ? जिलेवार बतावें ? **(ख)** गांजा तस्करी रोकने के लिए सरकार के द्वारा किये जा रहे कार्य एवं प्रस्तावित कार्ययोजना क्या है,कृपया बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में बस्तर क्षेत्र में गांजा तस्करी के प्रकरणों की जिलेवार विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** बस्तर क्षेत्र के सीमावर्ती राज्य उड़ीसा, तेलगांना से लगे सरहदी जिला सुकमा के तोंगपाल, पोडिया, कोन्टा तथा जिला बस्तर के थाना नगरनार क्षेत्र के ग्राम तारापुर, बकावण्ड, कोलावल एवं जिला कोण्डागॉव क्षेत्र के अंतर्राज्जीय सीमा में गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु अनंतपुर में चेकपोस्ट के माध्यम से निरंतर चेंकिग मय सीसीटीव्ही कैमरा से दिन-रात करायी जा रही है। समय-समय पर अस्थाई चेकपोस्ट स्थापित कर आने-जाने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निरंतर चेकिंग की जा रही है। उड़ीसा राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समय-समय में गांजा तस्करी पर अंकुष लगाने वर्चुअल मीटिंग आयोजित की जा रही है। निरंतर जांच के परिणाम स्वरूप प्रश्नांश अवधि में 7917.026 किलोग्राम गांजा जप्त किया जाकर 396 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। **[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]**

छ.ग. राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को प्रदत्त बेरोजगारी भत्ता

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

38. (क्र. 560) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. राज्य में कुल कितने शिक्षित बेरोजगारों को कितना व कब तक का बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया गया है ? कृपया जिलेवार बतावें ? **(ख)** क्या सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम/योजना में किसी भी प्रकार से कोई परिवर्तन प्रस्तावित है? यदि हां तो बतांए ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)बेरोजगारी भत्ता अप्रैल-2023 से नवम्बर 2023 तक प्रदान किया गया है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं, प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

कांकेर जिले में चोरी एवं नशीली दवा की बिक्री के पंजीबद्ध प्रकरण

[गृह]

39. (क्र. 593) श्री आशा राम नेताम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कांकेर जिले के विभिन्न थानों में 01 जनवरी, 2021 से 31 दिसम्बर, 2023 तक चोरी से सम्बंधित घटनाओं तथा नशीली दवाओं की अवैध बिक्री सम्बंधित कुल कितने अपराध पंजीकृत किए गए ? उक्त पंजीकृत अपराधों में कितने आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया ? **(ख)** प्रश्नांश' क' के अनुसार प्रश्नांकित अवधि में कांकेर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी से सम्बंधित अपराध तथा नशीली दवाओं के अवैध विक्रय के पंजीकृत कितने अपराधों में आरोपी/आरोपीगण की गिरफ्तारी नहीं की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कांकेर जिले के विभिन्न थानों में चोरी के कुल-193, नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के कुल-08 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। चोरी के 67 प्रकरणों में 116 आरोपियों एवं नशीली दवाओं की अवैध बिक्री से संबंधित 08 प्रकरणों में 15 आरोपियों की गिरफ्तारी कर अभियोग पत्र न्यायालय पेश किया गया है।**(ख)** प्रश्नांश अवधि में चोरी के 124 प्रकरणों में आरोपियों की

गिरफ्तारी नहीं हुई है। एवं नशीली दवाओं के अवैध विक्रय के दर्ज सभी 08 प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

कांकेर जिले में विभिन्न ग्राम पचांयतों में सोलर लाईट की स्थापना

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

40. (क्र. 594) श्री आशा राम नेताम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जनवरी, 2020 से लेकर दिसबंर, 2023 तक कांकेर जिले में किन-किन ग्राम पचांयतों में डी.एम.एफ एवं 15 वें वित्त से सोलर लाईट एवं सोलर हाईमास्ट एल.ई.डी. की स्थापना की गई है ? इस पर प्रति यूनिट कितनी राशि खर्च की गई है ? प्रश्नांकित अवधि में सोलर लाईट, सोलर हाईमास्ट एल.ई.डी. की स्थापना के लिए क्या क्रेडा से अनुमति की आवश्यकता है ? अगर हां, तो कितनी ग्राम पचांयतों में अनुमति ली गई है ? वर्तमान में किन-किन ग्राम पचांयतों में कितने सोलर लाईट सोलर हाईमास्ट एल.ई.डी. कार्यरत हैं और कितने बंद है ? ग्राम पंचायतवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब, स, द एवं ङ''** अनुसार है।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

प्रदेश का क्राईम दर

[गृह]

1. (क्र. 44) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में नेशनल क्राईम रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 व 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य संज्ञेय अपराध के मामले में अन्य राज्यों की तुलना में कितने स्थान पर है तथा क्राईम दर कितना-कितना है? वर्षवार बतायें? **(ख)** वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 व 2023 में हत्या, लूट, दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न, महिलाओं की तस्करी, अपहरण, ठगी, साईबर ठगी, नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, धर्मान्तरण व कौन-कौन से तस्करी के कितने मामलों पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है? वर्षवार अलग-अलग बतायें? **(ग)** प्रदेश में घटित हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों को रोकने के लिये उक्त वर्षो में क्या-क्या नवीन योजना बनायी गयी है और उसका परिणाम क्या रहा है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)**अपराध शीर्षवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।**(ग)** अपराधों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान चलाते हुए सार्वजनिक स्थानों में सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगाए गए हैं। सोशल मीड़िया प्लेटफार्म के माध्यम से लगातार जनजागरूकता के छोटे-छोटे विडियो को शेयर किया जाकर जागरूकता फैलायी जा रही है। सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु प्रदेश में सायबर थाना संचालित है। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु स्कूल कॉलेजों में छात्राओं को गुडटच/बैडटच के विषय में जानकारी दी जा रही है। महिला तस्करी एवं अपहरण की रोकथाम के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिव्यक्ति ऐप लांच किया गया है। स्थानीय स्तर पर नशे के विरूद्ध निजात अभियान चलाये जा रहे हैं। फलस्वरूप सार्थक एवं सटीक परिणाम प्राप्त हो रहे है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क योजना हेतु वित्तीय प्रावधान एवं व्यय राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

2. (क्र. 45) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) योजना कब प्रारंभ हुयी? इसका उद्देश्य क्या है? तथा कितने पार्क बनाने का लक्ष्य रखा गया है? वित्तीय व्यवस्था में कितनी राशि का प्रावधान है व इसके अतिरिक्त अन्य किन-किन मदों से कितनी राशि व्यय की जा चुकी है? 30 नवंबर 2023 की स्थिति में कितने पार्क पूर्ण, अपूर्ण व प्रगतिशील है? तथा कब तक पूर्णत:स्थापित करने की अवधि तय की गयी है? कहां-कहां के पार्क का शिलान्यास किनके-किनके द्वारा, कब-कब जा चुकी है? तथा इसका संचालन, ट्रेनिंग और इसकी वित्तीय व्ययस्था कौन-कौन से मदों के माध्यम से किनके द्वारा की जा रही है? **(ख)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में उक्त पार्क योजना के निर्माण के लिये जमीनी स्तर पर स्थानों के चयन व निर्माण कार्य के लिये किस स्तर के अधिकारी या विशेषज्ञों द्वारा, किन आधारों पर स्थानों व उत्पादों का निर्माण तय किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना 02 अक्टूबर 2022 को प्रारंभ हुयी। रीपा योजना का मूल उद्देश्य, ग्रामीण आवश्यकताओं के लिये वस्तुओं का स्थानीय उत्पादन, ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन बढाना तथा ग्रामीण सतत् अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। योजनांतर्गत 300 पार्क बनानें का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय बजट में राशि रू. 600.00 करोड़ का प्रावधान है। विभिन्न मद से व्यय की गयी राशि, पूर्ण-अपूर्ण पार्कों की जानकारी, शिलान्यास की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। पार्क पूर्णतः स्थापित

करनें हेतु अवधि तय नही की गयी है। योजना के संचालन ट्रेनिंग और इसकी वित्तीय व्यवस्था के संबंध में जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। (ख) कण्डिका ख में प्रश्न की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है।

प्रदेश के पंजीकृत बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ते का प्रदाय

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

3. (क्र. 90) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के पंजीकृत बेरोजगारों में पात्र बेरोजगारों को नवंबर, 2023 के बाद बेरोजगारी भत्ता दिया गया है या नहीं ? यदि नहीं, तो किस कारण से नहीं दिया गया है और कब तक दे दिया जावेगा ? **(ख)** क्या बेरोजगारी भत्ता योजना को जारी रखेंगे ? संशोधन के साथ चलाऐंगे या बंद कर दिया जायेगा ? यदि बंद कर दिया जायेगा तो बेरोजगारों के लिए किस प्रकार की योजना लायेंगे ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)जी नहीं, बजट विमुक्ति प्रक्रियाधीन हैं। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(ख)**बेरोजगारी भत्ता योजना प्रचलित है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नही होता है।

राजनांदगांव विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत सांकरा में दो बच्चों की मौत की प्रशासनिक जांच

[गृह]

4. (क्र. 132) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** माह जुलाई, 2023 में राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत सांकरा में अवैध उत्खनन के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत के मामले में प्रशासनिक जांच पूरी हुई या नही? **(ख)** अवैध उत्खननकर्ता व उन्हें संरक्षण देने वाले खनिज विभाग के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की गई है या नहीं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) माह जुलाई, 2023 में ग्राम पंचायत सांकरा, थाना सोमनी, जिला राजनांदगांव, में गड्ढे में डूब कर दो बच्चों की मृत्यु की सूचना पर थाना सोमनी में मर्ग क्रमांक-36/2023 धारा 174 जा0फौ0 एवं क्रमांक-37/2023 धारा 174 जा0फौ0 पंजीबद्ध कर जांच की गई, जांच पर संज्ञेय अपराध घटित ना होने से मर्ग नस्तीबद्ध किया गया। घटना के संबंध में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त जांच पूरी कर ली गई है।**(ख)** जांच में अवैध उत्खनन का नहीं होना तथा खनिज विभाग के कर्मचारी की संलिप्तता नहीं होना पाया गया। शेषांश उपस्थित नहीं होता है।

जांजगीर चांपा जिले में संचालित उद्योगों से डायवर्सन शुल्क की वसूली

[वाणिज्य एवं उद्योग]

5. (क्र. 183) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत 11/01/2024 की स्थिति में किस-किस श्रेणी के कितने उद्योग संचालित हैं? विकासखण्डवार/श्रेणीवार उद्योग का नाम संचालक का नाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार संचालित उद्योगों में से श्रेणीवार बकाया डायवर्सन शुल्क की जानकारी देवें? उद्योगवार बकाया डायवर्सन शुल्क की वसूली के संबंध में विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत 11/01/2024 की स्थिति में विकासखण्डवार 1051-सूक्ष्म, 229-लघु, 08-मध्यम, 01-वृहद्, तथा 05-मेगा एवं अल्ट्रा-मेगा उद्योग संचालित है। जिसकी विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** (1) से (5) पर दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश 'क' के अनुसार संचालित उद्योगों में से श्रेणीवार बकाया डायवर्सन शुल्क की विस्तृत विवरण

जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** पर दर्शित है। उद्योगवार बकाया डायवर्सन शुल्क की वसूली हेतु बकायादारों को नोटिस जारी कर वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत सी.सी. रोड

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (क्र. 250) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 व 2022-23 में कितने ग्रामों में सी.सी रोड की स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा कितने ग्रामों में स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावे ? **(ख)** स्वीकृत सड़कों में से कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) सिहावा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 व 2022-23 में विकासखंड मगरलोड के 43 एवं नगरी के 62 कुल 105 ग्रामों में सी.सी. रोड की स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा 234 ग्रामों में स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। विकासखंडवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत सड़कों में से 104 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

सिहावा विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना केअन्तर्गत स्वीकृत सड़कें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

7. (क्र. 251) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 व 2022-23 में कितने ग्रामों में मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना अन्तर्गत सड़कों की स्वीकृति हुई ? **(ख)** स्वीकृत सड़कों में से कितने कार्य पूर्ण तथा कितने कार्य अपूर्ण हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) सिहावा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 में 01 ग्राम व 2022-23 में **निरंक** ग्राम में मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अन्तर्गत सड़क की स्वीकृति हुई। **(ख)** स्वीकृत 01 सड़क पूर्ण हैं।

प्रदेश में मानव गुमशुदगी एवं हत्या के दर्ज प्रकरण

[गृह]

8. (क्र. 315) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अप्रैल, 2021 से दिसम्बर, 2023 तक प्रदेश में मानव गुमशुदगी एवं हत्या के कितने प्रकरण दर्ज किये गए हैं?उनमें से गुमशुदगी के कितने प्रकरणों पर सफलता प्राप्त की गयी है?जिलेवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** जिन प्रकरणों में बरामदगी नहीं की गयी, उन पर क्या कार्यवाही की जा रही है? **(ग)** हत्या के प्रकरणों में कितने मामलों में आरोपी को पकड़ा गया?कितने मामले लंबित व् अनिराकृत हैं? लंबित मामलों पर क्या कार्यवाही की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** एवं **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।**(ख)** पता तलाश करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।**(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। लंबित मामलों पर अज्ञात आरोपियों की पता तलाश जारी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

बसना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री सड़क एवं मुख्यमंत्री सड़कों की स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

9. (क्र. 318) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमन्त्री सड़क व् मुख्यमंत्री सड़क योजनान्तर्गत वर्ष 2021 से अक्टूबर, 2023 तक कितने नवीन सड़कौं की स्वीकृति एवं जर्जर सडको की मरम्मत का कार्य हुआ? **(ख)** मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? वर्ष 2021 से अक्टूबर, 2023 तक कितनी सड़कों की मरम्मत पर कितनी राशि व्यय की गयी है? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ग)** प्रधानमंत्री सड़क एवं मुख्यमंत्री सड़क योजनान्तर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र में कितने सड़क मार्ग हैं एवं कितने प्रस्तावित हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांक 'क' की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' के तहत् मार्गो की अद्यतन स्थिति का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से अक्टूबर 2023 तक विकासखण्ड-बसना अंतर्गत 45 सड़को में मरम्मत एवं नवीनीकरण पर राशि 1117.38 लाख एवं विकासखण्ड-पिथौरा अंतर्गत 43 सड़कों में मरम्मत एवं नवीनीकरण पर राशि 1087.74 लाख व्यय की गई है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2021 से अक्टूबर 2023 तक नियमित संधारण के तहत् मरम्मत में विकासखण्ड-पिथौरा की 03 सड़कों पर राशि रू. 2.89 लाख एवं विकासखण्ड बसना की 02 सड़कों पर निरंक राशि व्यय की गई है। **(ग)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र में विकासखण्ड-बसना अंतर्गत 45 सड़कें एवं विकासखण्ड-पिथौरा अंतर्गत 48 सड़कें है एवं वर्तमान में कोई भी नवीन सड़क मार्ग प्रस्तावित नहीं है । मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजनांतर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र में विकासखण्ड-पिथौरा में 14 सड़कें है एवं 52 प्रस्तावित है तथा विकासखण्ड बसना में 11सड़कें है एवं 18 प्रस्तावित है।

प्रदेश सरकार द्वारा निवेश एवं रोजगार हेतु किए गए एम् ओ यू

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (क्र. 340) श्री राजेश मूणत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग हेतु जनवरी, 2019 से नवम्बर, 2023 तक कुल कितने एमओयू, कितनी राशि के निवेश एवं कुल कितने रोजगार सृजन हेतु किये गए हैं? **(ख)** उक्त अवधि में किये गए कुल कितने एमओयू अंतर्गत कुल कितनी राशि का निवेश नवम्बर, 2023 तक किया गया है तथा कुल कितने उद्योग स्थापित/संचालित हो गए हैं तथा प्रदेश के कितने नागारिकों को प्रत्यक्ष रोजगारो प्राप्त हुआ है? **(ग)** कंडिका ''क'' अनुसार एमओयू में कौन-कौन से एमओयू में निर्धारित समयावधि में राशि निवेश व रोजगार सृजन निर्धारित लक्ष्य के विरूद्व नहीं किया जा सका व कितने एमओयू में उद्योग प्रारंभ/संचालित नही हो सके? जिलेवार, उद्योग के प्रकारवार, एमओयू राशिवार जानकारी देवें ? क्या निर्धारित समय में एमओयू पालन नहीं करने वाले उद्योगों के साथ एमओयू समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी? यदि हॉ, तो कब तक की जावेगी?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग स्थापना हेतु जनवरी, 2019 से नवम्बर, 2023 तक कुल 216 एमओयू निष्पादित किए गए हैं, जिसमें से वर्तमान में 207 एमओयू (9 एमओयू निरस्त) प्रभावशील हैं। प्रभावशील 207 एमओयू में रूपये 1,22,630 करोड़ का पूंजी निवेश तथा 1,28,071 व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना प्रस्तावित हैं। **(ख)** प्रभावशील 207 एमओयू में से निवेशकों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर नवम्बर, 2023 तक 100 एमओयू में कुल राशि रूपये 7,281.94 करोड़ का पूंजी निवेश किया गया है तथा 23 उद्योगों में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। अब तक 10043 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया है, जिसमें प्रदेश के 7537 नागरिकों को रोजगार प्राप्त हुआ है। **(ग)** निवेशक इकाइयों के साथ निष्पादित किए गए एमओयू में पूंजी निवेश एवं रोजगार सृजन के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं होता है, अपितु एमओयू की शर्त अनुसार इकाइयों को एमओयू निष्पादन दिनांक से

2 वर्ष की कालावधि में परियोजना का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाना आवश्यक है। यह भी उल्लेख है कि उद्योग आरंभ होने पर छत्तीसगढ़ शासन की इकाइयों को औद्योगिक नीति 2019-24 के प्रावधान अनुसार स्थानीय निवासियों को अकुशल श्रेणी में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रेणी में न्यूनतम 70 प्रतिशत तथा प्रबंधकीय श्रेणी में न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार दिया जाना है। जिन उद्योगों में उद्योग प्रारंभ/ संचालित नहीं हुए हैं, उनकी सूची, विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** पर दर्शित है।जिन एमओयूधारकों द्वारा उद्योग स्थापना की कार्यवाही समयावधि में आरंभ नहीं की जावेगी, उनके प्रकरणों पर नियमानुसार एमओयू निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

ई. एस .आई. सी. अस्पतालों के लिए दवाइयों की खरीदी एवं आपूर्ति

[श्रम]

11. (क्र. 341) श्री राजेश मूणत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि राज्य शासन द्वारा संचालित ईएसआईसी औषधालयों में दवाईयों की आपूर्ति हेतु विभाग को राशि उपलब्ध/बजट उपलब्ध कराया गया है? यदि हॉं, तो अप्रैल, 2022 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक कुल कितनी राशि उपलब्ध कराई गई है? इसमें केन्द्रांश व राज्यांश कितना-कितना था? **(ख)** कंडिका ''क'' की अवधि में कौन-कौन सी दवाईयां, कितनी मात्रा में, किस फर्म से व किस दर से कुल कितनी राशि की खरीदी गई है? क्या यह सही है कि नियमित उपयोग में न आने वाली दवाईयों को खरीदा गया है? यदि हां, तो क्यों? **(ग)** उपरोक्तानुसार दवाईयों में कौन-कौन सी व कितनी राशि की दवाईयां कालातीत हो गई हैं? **(घ)** क्या भारत सरकार द्वारा डिस्पेंसरी हेतु आवश्यक दवाईयों की कोई सूची जारी की गई हैं? यदि हां तो अद्यतन सूची उपलब्ध करायें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जी नहीं। राज्य शासन द्वारा संचालित ईएसआईसी औषधालयों में दवाईयों की आपूर्ति हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा छ.ग. कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी को राशि/बजट उपलब्ध कराया जाता है। प्रश्नांकित अवधि में वर्ष 2022-23 में राशि रू. 38,00,00,000/- (अक्षरी-अड़तीस करोड़ रूपये) तथा वर्ष 2023-24 में राशि रू. 40,00,00,000/- (अक्षरी-चालीस करोड़ रूपये) का बजट प्रावधान किया गया है। इसमें केन्द्रांश व राज्यांश की राशि नही होती अपितु सम्पूर्ण राशि का वहन कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किया जाता है।**(ख)** कंडिका ''क'' की अवधि में खरीदी गई दवाईयॉं, मात्रा, फर्म, दर तथा कुल राशि की जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। जी नही। **(ग)** प्रश्नांश अवधि में कोई भी दवाई कालातीत नही हुई है। **(घ)** जी नही। भारत सरकार द्वारा डिस्पेंसरी हेतु आवश्यक दवाईयों की कोई सूची जारी नही की जाती अपितु सम्पूर्ण देश में कर्मचारी राज्य बीमा योजना अन्तर्गत संचालित चिकित्सालयों एवं औषधालयों हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा जारी रेट कॉन्ट्रेक्ट सूचियों में उल्लेखित औषधियों का क्रय किया जाता है।

प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों को प्रदत्त रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

12. (क्र. 353) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2019 से प्रश्न दिनांक तक कुल कितने पंजीकृत बेरोजगार हैं? जिलेवार पंजीकृत बेरोजगारों की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में पंजीयन तथा योग्यता के आधार पर प्रतिवर्ष कितने पंजीकृत बेरोजगारों को शासकीय या प्राईवेट रोजगार उपलब्ध कराये गये हैं? वर्ष 2019 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक किन-किन जिलों में कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** कितने पंजीकृत बेरोजगारों को कुल कितनी राशि का बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया गया है जिलेवार बतावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में पंजीकृत युवाओं को प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र

के प्रतिष्ठानों में उपलब्ध कराये गये रोजगार की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। राज्य के रोजगार मिशन पोर्टल में जिला प्रशासन के माध्यम से दर्ज की गई जानकारी अनुसार दिनांक 1 जनवरी 2019 से 10 जनवरी 2024 तक शासकीय क्षेत्र में 25,608, सार्वजनिक उपक्रमों में 7,740, एवं निजी क्षेत्र में 50,774 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है । परंतु रोजगार मिशन पोर्टल में, दर्ज आंकड़ों में से कितने आवेदक रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में वास्तव में पंजीकृत है, यह जानकारी उपलब्ध नहीं है। रोजगार मिशन पोर्टल में दर्ज जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ग)** जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- द** अनुसार है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घटित अपराधों की संख्या व कृत कार्यवाही

[गृह]

13. (क्र. 356) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्रांतर्गत चोरी, बलात्कार, डकैती, छेड़छाड़, अपहरण,अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध, यौन शोषण, जुआ (अपराध के संबंध में नये प्रावधानों के अंतर्गत), सट्टा, आनलाईन सट्टा, हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध शराब, वाहन दुर्घटना एवं ठगी की कितनी घटनाएं 2020 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक हुई हैं? थानावार वारदातों की संख्या की जानकारी देवें? **(ख)** उक्त दर्ज प्रकरणों में कितने प्रकरणों में न्यायालय में चालान पेश किया गया हैं? कितने में चालान पेश करना शेष है? कितने प्रकरणों में अपराधी फरार हैं तथा कितने प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है? **(ग)** शेष लंबित प्रकरणों मे कब तक कार्यवाही की जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में मुंगेली विधानसभा क्षेत्रांतर्गत उपरोक्त अपराध शीर्षवार घटित वारदातों की थानावार विस्तृत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** थानावार विस्तृत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ग)** विवेचना सतत प्रक्रिया है। अतः समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

विभिन्न अपराधों में प्रदेश का स्थान

[गृह]

14. (क्र. 363) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2020 से नवम्बर, 2023 तक प्रदेश में कितने व्यक्तियों के द्वारा आत्महत्या की गई है? इसमें कितनी महिला, किसान, युवा, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे व शासकीय कर्मचारी/अधिकारी हैं? प्रदेश का,आत्महत्या की दर के अनुसार राज्यों में एनसीआरबी के अनुसार कौन-सा स्थान है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** जनवरी, 2019 से नवम्बर, 2023 तक प्रदेश में कितनी हत्या, बलात्कार, गैंग रेप, बलवा, साईबर अपराध, अपहरण व लूट के प्रकरण पंजीकृत हुये हैं? इसमें कितनों में चालान पेश कर दिया गया व कितने प्रकरणों में शेष है? वर्षवार जानकारी देवें? प्रदेश का, उक्त अपराधों में क्राईम दर के अनुसार राज्यों में एनसीआरबी तथ्यों में कौन-सा स्थान है? वर्षवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों का निर्माण व मरम्मत

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (क्र. 365) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक कितने नवीन सड़कों की स्वीकृति एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य हुआ है? **(ख)** मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? विगत चार वर्षों से कितनी सड़कों की मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ग)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही में कितने सड़क मार्ग हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक 01 नवीन सड़क स्वीकृति है तथा जर्जर सड़कों की जानकारी **निरंक** है। **(ख)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के सभी मार्गों की अद्यतन स्थिति की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। विगत चार वर्षों से नवीनीकरण पश्चात् संधारण के समय के बाद मरम्मत नहीं किये जाने वाली सड़कों की जानकारी **निरंक** है। **(ग)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही में विकासखण्ड डौडीलोहारा अंतर्गत 22 सड़कें, विकासखण्ड गुण्डरदेही अंतर्गत 52 सड़कें है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

जिला बालोद अंतर्गत उद्योगों से स्थानीय व्यक्तियों को प्रदत्त रोजगार

[वाणिज्य एवं उद्योग]

16. (क्र. 366) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बालोद अंतर्गत स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले कितने लघु, मंझले एवं बड़े उद्योग संचालित हैं, तथा इनमें कितने स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है? **(ख)** क्या जिला बालोद अंतर्गत स्थानीय लोगों को, श्रमिकों को रोजगार मिले, ऐसा कोई उद्योग, प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की योजना है? यदि हाँ, तो किस-किस क्षेत्र में और कब तक प्रारम्भ होने की अवधि निर्धारित की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला बालोद अंतर्गत स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले 98 लघु एवं 05 मंझले (मध्यम) उद्योग संचालित हैं, तथा इनमें कुल 1412 स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। **(ख)** उद्योग विभाग में पंजीकृत उद्यम आकांक्षा के आधार पर जिला बालोद में कुल 67 उद्योग लगाने की योजना है। योजना अनुसार विकासखण्डवार उद्योगों की संख्या निम्नानुसार हैः-बालोद- 05, डौण्डी- 02, डौण्डीलोहारा- 07, गुण्डरदेही- 22 एवं गुरूर- 31 उद्यम आकांक्षा जारी होने की तिथि से सूक्ष्म एवं लघु उद्योग हेतु 02 वर्ष, मध्यम उद्योग हेतु 03 वर्ष, वृहद उद्योग हेतु 04 वर्ष एवं अन्य उद्योगों हेतु अधिकतम 05 वर्ष के भीतर प्रस्तावित परियोजना को पूर्ण करना होगा।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

17. (क्र. 369) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2021 से नवम्बर, 2022 तक कितने तथा कितनी राशि के तटबंध/पुलिया/स्टापडेम/मिट्टी मुरूम सड़क कार्य स्वीकृत किये गये? **(ख)** उपरोक्त स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य जन- प्रतिनिधि की अनुशंसा एवं कितने कार्य जिला अधिकारी की अनुशंसा पर स्वीकृत हुए?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के कसडोल विधानसभा क्षेत्र

के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा के तहत वर्ष 2021 से नवम्बर, 2022 तक तटबंध/पुलिया/स्टापडेम/मिट्टी मुरूम सड़क कार्य स्वीकृत नहीं किये गये है। **(ख)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री सड़क योजना से निर्मित सड़कों की अद्यतन स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (क्र. 370) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत 05 वर्षों के दौरान कसडोल विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों में से कितनी जर्जर अवस्था में हैं? **(ख)** पूर्व में निर्मित कितनी सड़कों का संधारण अवधि पूर्ण होने के बाद भी, उनका संधारण नहीं किया गया है? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवीन प्रस्तावित सड़कों की जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह)(श्री विजय शर्मा) : (क) विगत 05 वर्षों में दौरान कसडोल विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों में से जर्जर अवस्था के सड़कों की जानकारी **निरंक** है। **(ख)** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व में निर्मित सड़को में से 05 वर्ष संधारण अवधि के बाद 37 सड़कों में संधारण कार्य नहीं किया गया हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत पूर्व में निर्मित 02 सड़कों का संधारण अवधि पूर्ण होने के बाद भी उनका संधारण नही किया गया है। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में नवीन प्रस्तावित सड़कों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''**अनुसार है एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना की जानकारी **निरंक** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

कसडोल विधानसभा क्षेत्र में संचालित उद्योगों द्वारा सी.एस.आर. मद से कराये गए कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

19. (क्र. 372) श्री संदीप साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विधानसभा क्षेत्र में कौन-कौन से उद्योग कब से संचालित हैं? संस्था का नाम सहित विवरण देवें? **(ख)** क्या शासन द्वारा इन उद्योगों को सी.एस.आर. मद से सहायता व निर्माण कार्य कराने हेतु कोई दिशा- निर्देश जारी किया गया है? **(ग)** यदि हां तो विगत 2 वर्षो में किन-किन उद्योगों द्वारा, कहां-कहां पर, कौन-कौन से निर्माण कराये गये ? जानकारी देवे?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 61 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग संचालित है, जो कि विस्तृत विवरण **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ में दर्शित है**। **(ख)** सीएसआर से सहायता व निर्माण कार्य कराने हेतु तथा व्यय के संबंध में भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम-2013 (2013 का 18) की धारा 135 और धारा 469 की उपधारा (1) और उपधारा (2) में दिशा-निर्देश दिये गये है। (प्रतिलिपि विस्तृत विवरण **जानकारी संलग्न प्रपत्र -ब** इस संबंध में वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा किये गये नियम संशोधन के माध्यम से राज्यों के लिए सीएसआर मद की राशि व्यय के संबंध में नवीन निर्देश दिये गये हैं, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के पत्र क्रमांक एफ 20-110/2019 /11/6 दिनांक 22.09.2022 द्वारा सीएसआर मद के संबंध में दिशा-निर्देश विस्तृत विवरण **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स** जारी किये गये है। **(ग)** विगत 2 वर्षों में किसी भी उद्योगों से कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराये गये हैं। अतः जानकारी **निरंक** मान्य किया जावे।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

पुलिस विभाग द्वारा किराये पर लिए गए वाहन

[गृह]

20. (क्र. 377) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वर्ष जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2023 तक जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले में पुलिस विभाग द्वारा उपयोग की जा रही गाड़ियां किराये पर ली गई हैं ? यदि हाँ, तो इसके लिए निविदा कब-कब आमंत्रित की गई ? निविदा में कितनी फर्मो ने भाग लिया? निविदा में चयनित फर्म द्वारा कौन- कौन सी गाड़ियों के लिए, कितनी- कितनी राशि का किराया निर्धारित किया गया? किराया निर्धारण का मापदंड क्या रखा गया था ? निविदा में शामिल होने वाले फर्मो (पूर्ण पता सहित), चयनित फर्म का नाम (पूर्ण पता सहित), भुगतान दिनांकवार, भुगतान राशि, आदि का पूर्ण विवरण वाहनवार, विकासखंडवार, जिलेवार प्रदान करें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नाधीन अविध में पुलिस विभाग जिला - राजनांदगांव द्वारा उपयोग की जाने वाहन किराये पर ली गई है। कलेक्टर जिला राजनांदगांव द्वारा दिनांक 03.04.2018 को निविदा आमंत्रित की गई थी । निर्धारित अवधि तक किसी भी फर्म द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की गई । शेषांश की विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र''** अनुसार है।

जिला राजनांदगांव,खैरागढ़,मोहला-मानपुर में सी.एस.आर.मद से स्वीकृत कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

21. (क्र. 379) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगें कि :- वर्ष, 2021-22 से प्रश्नावधि तक जिला राजनांदगांव, खैरागढ़, मोहला-मानपुर जिले में CSR मद का प्रयोग किन-किन कार्यो के लिए, कब- कब और कहां- कहां किया गया है ? CSR मद की विस्तृत जानकारी वर्षवार, दिनांकवार, कार्यवार देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि (19.01.2024) तक सीएसआर के तहत् औद्योगिक इकाईयों द्वारा किये गये कार्यों का विस्तृत विवरण **जानकारी संलग्न प्रपत्र पर दर्शित** है। जिला खैरागढ़, मोहला-मानपुर के उद्योगों द्वारा सीएसआर के तहत् जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला राजनांदगांव, खैरागढ़, मोहला-मानपुर में पंचायत विभाग के विभिन्न मदों में कराए गए कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

22. (क्र. 380) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**वर्ष 2020-21 से प्रश्नावधि तक जिला राजनांदगाव, खैरागढ़, मोहला-मानपुर जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किन-किन मदों से कितने कार्य किये गए हैं ? किये गए कार्यो की मदवार/वर्षवार, पूर्ण, अपूर्ण की जानकारी देवें? **(ख)** किये गए कार्यो के लिए किसी प्रकार की सामग्री या उपकरणों की खरीदी की गई है ? यदि हाँ, तो खरीदी के लिए कब-कब निविदा आमंत्रित की गयी ? निविदा में किन- किन फर्मो द्वारा आवेदन किया गया ? किन -किन फर्मो का चयन, किन- किन सामग्रियों की सप्लाई के लिए किया गया ? फर्मो को किये गए भुगतान की जानकारी फर्मवार, सामग्रीवार, दिनांकवार देवे ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

कबीरधाम जिला अंतर्गत थानों में दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

[गृह]

23. (क्र. 394) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिला अंतर्गत वर्ष 2020 से जनवरी -2024 तक विभिन्न थानों में कितने-कितने प्रकरण, किन-किन मामलों के दर्ज किये गये ? वर्षवार/थानावार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के दर्ज प्रकरणो में क्या-क्या कार्यवाही की गई? कितने प्रकरण निराकृत एवं कितने लंबित है ? लंबित होने के क्या-क्या कारण है ? वर्षवार/थानावार जानकारी उपलब्ध करावें ।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कबीरधाम जिला अन्तर्गत विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों/मामलों की वर्षवार/थानावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** एवं **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।**(ख)** वर्षवार/थानावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स'' एवं प्रपत्र ''द''** अनुसार है।

जिला-कबीरधाम में संचालित उद्योगों को दिया गया अनुदान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

24. (क्र. 395) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित उद्योगों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अनुदान दिया जाता है ? यदि हाँ तो किन-किन योजनाओं के अंतर्गत, कितना-कितना अनुदान, किन-किन कार्यो हेतु दिये जाने का प्रावधान है ? **(ख)** वर्ष 2020 से दिसंबर 2023 तक जिला कबीरधाम में संचालित किन-किन उद्योगों को, कितना-कितना अनुदान, किस-किस कार्य हेतु दिया गया ? उद्योगवार जानकारी उपलब्ध करावें ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जीं हाँ, उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित उद्योगों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अनुदान दिया जाता है। विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है। विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज अनुदान दिये जाने का प्रावधान का विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है। **(ख)** वर्ष 2020 से दिसंबर 2023 तक जिला कबीरधाम में संचालित उद्योगों को दिये गये अनुदान एवं कार्य की उद्योगवार विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''स''** पर दर्शित है।

जिला बालोद अंतर्गत पुलिस थाना/चौकी पुलिस लाईन हेतु भवन व्यवस्था

[गृह]

25. (क्र. 405) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बालोद अंतर्गत कौन-कौन से पुलिस थाना/चौकी भवनविहीन हैं। अथवा अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं? **(ख)** जिला बालोद अंतर्गत पुलिस थाना/चौकी/पुलिस लाईन हेतु कितने-कितने आवास निर्मित हैं? क्षमता अनुसार कितने-कितने आवास/ भवन की आवश्यकता है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला बालोद अंतर्गत पुलिस थाना पुरूर, सनौद एवं चैकी संजारी वर्तमान में भवन विहीन है। **(ख)** जिला बालोद अंतर्गत पुलिस थाना/चौकी/पुलिस लाईन हेतु कुल 336 आवासगृह निर्मित है। क्षमता अनुसार 699 आवास/भवन की आवश्यकता है। विस्तृत विवरण **प्रपत्र में संलग्न** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

26. (क्र. 406) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा अंतर्गत श्रम विभाग में कितने श्रमिक पंजीकृत हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या पंजीकृत श्रमिकों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है ? विधानसभावार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा अंतर्गत श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में मंडल गठन से 31 दिसम्बर 2023 तक की स्थिति में श्रमिकों के कुल पंजीयन की मंडलवार एवं विकासखंडवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र0	मंडल का नाम	विकासखण्ड का नाम		**योग**
		डौण्डीलोहारा	डौण्डी	
01	छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल	10235	5071	**15306**
02	छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल	11543	23292	**34835**
03	छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल	49	307	**356**
योग		**21827**	**28670**	**50497**

(ख) जी हाँ। पंजीकृत श्रमिकों को मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार मिल रहा है। 01.01.2023 से 31.12.2023 तक लाभांवितों की मंडलवार एवं विधानसभावार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र0	मंडल का नाम	विकासखण्ड का नाम		**योग**
		डौण्डीलोहारा	डौण्डी	
01	छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल	1128	203	**1331**
02	छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल	245	84	**329**
03	छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल	89	83	**172**
योग		**1462**	**370**	**1832**

प्रदेश में संचालित उद्योगों के वेलफेयर फंड का उपयोग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

27. (क्र. 435) डॉ. चरण दास महंत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में संचालित उद्योगों के वेलफेयर फंड के तहत 10 जनवरी, 2024 की स्थिति में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी जिलेवार बतावें ? **(ख)** वेलफेयर फंड की राशि श्रम कल्याण सहित किन-किन मदों में खर्च किए जाने का प्रावधान है ? 2023-2024 में 10.01.2024 तक व्यय की गई राशि का विवरण जिलावार बताएं ? **(ग)** वेलफेयर फंड की राशि के खर्च की अनुशंसा किस पदाधिकारी द्वारा की जाती है तथा स्वीकृत कर्ता पदाधिकारी कौन है? मदवार खर्च की जाने वाली राशि की सीमा क्या है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में ''संचालित उद्योगों के वेलफेयर फंड'' नाम से कोई फंड संधारित नहीं है। अतः प्रश्नांश की शेष जानकारी **निरंक** मान्य की जावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' में वर्णित उत्तर के परिपे्रक्ष्य में जानकारी **निरंक** मान्य की जावे। **(ग)** प्रश्नांश 'क' में वर्णित उत्तर के परिप्रेक्ष्य में जानकारी **निरंक** मान्य की जावे।

जिला रायगढ़ अंतर्गत पंचायत सचिव के रिक्त पदों

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

28. (क्र. 463) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला रायगढ़ अंतर्गत पंचायत सचिव के कितने पद रिक्त हैं ? कितनी ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त प्रभार में चल रहे हैं? इन रिक्त पदों पर कब तक भर्ती कर ली जाएगी ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जिला रायगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव के 51 पद रिक्त है। 111 ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त प्रभार में चल रहे है। रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला रायगढ़ अन्तर्गत प्रस्तावित उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

29. (क्र. 465) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत कितने उद्योग संचालित हैं? कितने उद्योग की स्थापना की जाना प्रस्तावित हैं ? **(ख)** संचालित उद्योगों में कितने स्थानीय लोगों को रोज़गार प्रदान किया गया है? विकासखंडवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत कुल 283 लघु, मध्यम, वृहद, मेगा एवं अल्ट्रा मेगा उद्योग संचालित है। उद्योग विभाग में पंजीकृत उद्यम आकांक्षा के आधार पर कुल 716 उद्योगों की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। **(ख)** संचालित उद्योगों में कुल 28,270 स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	विकासखण्ड का नाम	इकाई संख्या	स्थानीय (छ.ग. राज्य के) लोगों को प्रदत्त रोजगार संख्या
1	2	3	4
1	धरमजयगढ़	19	140
2	घरघोड़ा	23	1414
3	खरसिया	25	4239
4	पुसौर	73	3966
5	रायगढ़	107	12883
6	तमनार	27	5556
7	लैलूंगा	09	72
	योग	**283**	**28270**

बिलासपुर जिला अंतर्गत संचालित आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

30. (क्र. 488) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत कुल कितने आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान हैं एवं विगत 02 वर्षो में जिले में विभाग द्वारा कितने आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान खोले गए हैं ? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के संस्थान में ,कौन-कौन से ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं विगत 02 वर्षो में कौन-कौन से नए ट्रेड शामिल किए गए हैं ? विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत वर्तमान में 09 शासकीय आईटीआई संचालित है एवं विगत 02 वर्षों में बिलासपुर जिले में विभाग द्वारा 01 आईटीआई नेवरा (तखतपुर) वर्ष 2021 में प्रारंभ किया गया हैं। विवरण निम्नानुसार है 1- आदर्श आईटीआई कोनी बिलासपुर, 2- महिला

आईटीआई कोनी बिलासपुर, 3- आईटीआई बिल्हा 4- आईटीआई सिरगिट्टी (बिलासपुर) 5- आईटीआई तखतपुर 6- आईटीआई नेवरा (तखतपुर) 7- आईटीआई खम्हरिया 8- आईटीआई पचपेड़ी (मस्तुरी) 9- आईटीआई कोटा।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत जिला जेल एवं उपजेल मे कैदियों को रखने की क्षमता

[जेल]

31. (क्र. 489) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत कुल कितने जिला जेल एवं उपजेल हैं? जिलेवार विस्तृत विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' की जेलों में कैदी रखने की क्षमता क्या है एवं क्षमता के विरुद्ध कितने कैदी रखे गए हैं ?विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''क'' की जेलों में सजायाफ्ता बंदियों को क्या शासन द्वारा कौशल विकास के तहत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है? यदि हां ,तो कौन-कौन से ट्रेड में ? विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत कुल 20 जिला जेल एवं 08 उपजेल हैं । जिलेवार विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** पर है। **(ख)** कंडिका '' क '' की जेलों में कैदी रखने की क्षमता एवं क्षमता के विरूद्ध रखे गये कैदियों के संबंध में विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** पर है।
(ग) नहीं।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

बेलतरा विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़कें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

32. (क्र. 492) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़कें, कितनी लम्बाई की एवं कितनी-कितनी राशि की निर्मित की गई हैं ? ग्रामवार सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" की निर्मित सड़कों में से, कितनी सड़कों की पांच वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद संवर्धन हेतु ठेका कितनी-कितनी राशि का, किस-किस ऐजेंसी/ठकेदारों को, प्रदान किया गया है? कितने-कितने का संवर्धन कार्य पूर्ण, कितने का अपूर्ण है? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे? सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आयी हैं एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? सड़कवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

बेलतरा विधान सभा क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों

[श्रम]

33. (क्र. 493) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में श्रम विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजना श्रमिक कल्याण हेतु संचालित की जा रही हैं? जिलावार, योजनावार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से 12 जनवरी, 2024 तक कितने श्रमिक पंजीकृत हैं तथा पंजीकृत श्रमिकों को प्रश्नांकित अवधि तक शासन की किन-किन योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया है? योजना अंतर्गत 12 जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने श्रमिकों के आवेदन लंबित हैं? विकासखण्डवार, योजनावार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश

अवधि में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र-बेलतरा के कितने लोग लाभान्वित हुये? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में श्रम विभाग के अधीन संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है ।**(ख)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से 12 जनवरी, 2024 तक पंजीकृत श्रमिकों की मण्डलवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** तथा लाभान्वित एवं लंबित आवेदनों की मण्डलवार, विकासखण्डवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है। **(ग)** श्रम विभाग एवं अधीनस्थ मंडलों के अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं है। अतः जानकारी **निरंक** ग्राह्य करें।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

सक्ती जिले में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आबंटित राशि व उपयोग

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

34. (क्र. 496) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सक्ती जिले में 1 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2022 तक कितनी राशि आबंटित की गई और उस राशि का उपयोग किन-किन कार्यों के लिए किया गया?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सक्ती जिले में 1 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2022 तक राशि रू. 1493.151 लाख आबंटित की गई और उस राशि का उपयोग व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण, रेट्रोफीटिंग कार्य, प्रचार-प्रसार एवं प्रशासनिक मद में किया गया।

जैजैपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में ऑडिट

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

35. (क्र. 497) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-(**क**) जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत मार्च, 2020 से जनवरी, 2022 तक कितने अधिकारियों द्वारा किस-किस ग्राम पंचायत में ऑडिट किया गया है? **(ख)** ऑडिट उपरांत किन-किन ग्राम पंचायत में आर्थिक अनियमितता पाई गई? उस पर क्या विभाग द्वारा FIR/वसूली/ धारा 40 की कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत मार्च, 2020 से जनवरी, 2022 तक छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग के 05 अंकेक्षकों द्वारा ग्राम पंचयतों का अंकेक्षण किया गया है, एवं पंचायत विभाग के 06 अंकेक्षकों द्वारा पंचायतों का आंतरिक अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण संपन्न ग्राम पंचायतों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** ऑडिट उपरांत ग्राम पंचायतों में पाई गई आर्थिक अनियमितता एवं की गई कार्यवाही का जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

जांजगीर-चांपा विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़कों का संधारण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

36. (क्र. 499) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़कें, कितनी लंबाई की, कितनी-कितनी राशि की निर्मित की गई हैं? ग्रामवार सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध

करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की निर्मित सड़कों में से कितनी सड़कों की 05 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद संवर्धन हेतु ठेका कितनी-कितनी राशि का, किस-किस एजेंसी/ठेकेदारों को, प्रदान किया गया है? कितने का संवर्धन कार्य पूर्ण तथा कितने का अपूर्ण है? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जावेगा? सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरण

[गृह]

37. (क्र. 502) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक कितने प्रकरण चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, हत्या के प्रयास, मानव तस्तरी, जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थ, ठगी तथा अवैध शराब एवं अन्य अपराध पंजीबद्ध किये गये? वर्षवार/थानावार बताएं? **(ख)** उपरोक्त प्रकरणों में से कितने प्रकरणों मे कितने व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है? कितने पकड़ से बाहर हैं? कितने मामले में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जा चुका है तथा कितने में प्रक्रियाधीन है? कितने प्रकरणों में सजा हुई तथा कितने में बरी हुए? वर्षवार, थानावार बताएं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में विधान सभा क्षेत्र पामगढ़ अन्तर्गत अंकित अपराध शीर्षों में कुल 4901 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

जांजगीर-चांपा जिले में उद्योगो को दिया गया अनुदान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

38. (क्र. 503) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चांपा जिले में कुल कितने वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग संचालित हैं? संचालित उद्योगों में से कितने उद्योगों को वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक कितना -कितना अनुदान एवं क्या-क्या रियायत किस-किस योजना के अंतर्गत दिया गया एवं कितनों का अनुदान प्रकरण लंबित है? **(ख)** उक्त उद्योगों की स्थापना हेतु कहां-कहां पर कितनी-कितनी भूमि शासन द्वारा अधिग्रहीत की गई है एवं कितने नवीन उद्योगों की स्थापना प्रक्रियाधीन है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले में वृहद-08, मध्यम-12, लघु-229 एवं सूक्ष्म-1050 उद्योग संचालित है। संचालित उद्योगो को वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक प्रदाय एवं लंबित विभिन्न अनुदान प्रकरणों की जानकारी विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ से ल** पर दर्शित है। **(ख)** उद्योग स्थापना हेतु शासन द्वारा प्रश्नांश 'क' में दर्शित अवधि में कोई भी निजी भूमि अधिग्रहित नही की गई है। जांजगीर-चांपा जिले में 12 नवीन उद्योगों की स्थापना प्रक्रियाधीन है। विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-म** पर दर्शित है।

सरगुजा संभाग में अद्यतन उद्योगों हेतु आबंटित भूमि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

39. (क्र. 508) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सरगुजा संभाग में विगत 03 वर्षों से अद्यतन उद्योगों हेतु आबंटित भूमि की उद्योगवार, स्थान सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रशनांश 'क' में आबंटित भूमि में अप्रारंभ उद्योगों की जानकारी उद्योग व स्थान के नाम सहित प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सरगुजा संभाग में विगत 3 वर्षों से उद्योगों हेतु आबंटित भूमि को उद्योगवार, स्थान सहित विस्तृत विवरण **जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' में आबंटित भूमि में अप्रारंभ उद्योगों की जानकारी विस्तृत विवरण **जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

छत्तीसगढ़ में हत्या,एवं बलात्कार की घटित घटनायें

[गृह]

40. (क्र. 509) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में 03 दिसंबर, 2023 से 15 जनवरी, 2024 की अवधि में हत्या एवं बलात्कार की कितनी घटनाएं घटित हुई ? जिलावार बतायें? **(ख)** प्रश्नांश "क" की घटनाओं पर क्या - क्या कार्यवाही की गयी? घटनावार, जिलावार बतायें? **(ग)** प्रदेश में हो रही हत्या एवं बलात्कार की घटनाओं को रोकने क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश में हत्या एवं बलात्कार की कुल 291 घटनाएँ घटित हुई हैं। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** घटनाओं पर की गई कार्यवाही की जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रदेश में हत्या एवं बलात्कार की घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी थाना चौकी क्षेत्रों में लगातार सघन गश्त, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है तथा बलात्कार के अपराधों को रोकने पृथक से महिला अपराध अन्वेषण इकाई (IUCAW), महिला हेल्पलाईन, साइबर सेल व सोशल मीडिया संबंधी जानकारी देकर महिला सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत पंचायतों कोआबंटन व व्यय राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

41. (क्र. 512) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सारगंढ़-बिलाईगढ़ के बिलाईगढ़ विधानसभाक्षेत्र में 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-2024 में पंचायतों को कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हैं? **(ख)** कंडिका **(क)** के तहत जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत में कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई? **(ग)** कंडिका **(ख)** के अनुसार जिला पंचायत में उपलब्ध राशि से, कौन-कौन से कार्य किये गए ? कार्यवार व्यय राशि का विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला सारगंढ़-बिलाईगढ़ के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-2024 में पंचायतों को राशि रू. 64081149 का आबंटन प्राप्त है। **(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ग) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा कितने हितग्राहियों को प्रदत्त सहायता राशि

[श्रम]

42. (क्र. 513) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा पिछले पांच वर्षों में कितने हितग्राहियों को श्रमिक पंजीयन कार्ड, साईकिल वितरण, श्रमिकों की मृत्यु पश्चात सहायता राशि जारी की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों (वर्ष 2019 से 31.12.2023) में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारकल्याण मण्डल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक/श्रमिकों को पंजीयन कार्ड, साईकिल वितरण, श्रमिकों की मृत्यु पश्चात जारी सहायता राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

पंचायत विभागों में संचालित योजनायें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

43. (क्र. 515) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंचायत विभाग में कितनी व कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं एवं क्या वर्तमान में वे योजनाएं चल रही हैं? यदि हां,तो योजना का नाम बताएं? **(ख)** सरकार द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागान्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत किन-किन निर्माण कार्यो के लिए, कितनी-कितनी राशि प्रदान की जाती है? जानकारी बताएं? **(ग)** मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट में कितनी राशि प्रस्तावित है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) पंचायत संचालनालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट में राशि रू. 200.00 करोड़ (अक्षरी - दो सौ करोड़ रू. मात्र) प्रस्तावित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

प्रदेश में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

[गृह]

44. (क्र. 520) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में चोरी, तस्करी, डकैती की कितनी शिकायतें जनवरी, 2022 से दिसम्बर, 2023 तक प्राप्त हुई हैं ? जानकारी देवें ? **(ख)** इन शिकायतों पर कितने प्रकरणों में रिपोर्ट दर्ज की गई है एवं कितने में दोषियों को सजा दी गई है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश में हुई चोरी, तस्करी एवं डकैती की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 4724 प्रकरणों में रिपोर्ट दर्ज की गई है एवं 08 प्रकरणों में दोषियों को सजा मिली है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वितों की संख्या

[श्रम]

45. (क्र. 521) श्री मोतीलाल साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. प्रदेश में श्रम विभाग अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं ? **(ख)** संचालित योजनाओं में कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है एवं कितने शेष हैं ? **(ग)** कितने हितग्राहियों का आवेदन निरस्त हुआ है ? जिलेवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।**(ख)** श्रम विभाग के अधीन मंडलों के अंतर्गत संचालित योजनाओं में वर्ष 2023 में लाभांवित हितग्राहियों एवं लंबित आवेदनों की मण्डलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** संचालित योजनांतर्गत वर्ष 2023 में निरस्त आवेदनों की मण्डलवार एवं जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

सन्निर्माण श्रमिकों की मृत्यु उपरांत उनके नॉमिनी/परिजनों को देय सहायता राशि के लंबित प्रकरण

[श्रम]

46. (क्र. 526) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक की अवधि में कितने सन्निर्माण श्रमिकों की मृत्यु उपरांत उनके नॉमिनी/परिजनों ने योजना में निहित सहायता राशि प्राप्ति हेतु विभाग में अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया एवं इसमें से कितने प्रकरणों पर परिजनों को सहायता राशि का भुगतान किया गया तथा कितने प्रकरण किन कारणों से लंबित हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 15 जनवरी, 2024 तक की अवधि में मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मृत्यु उपरांत 8,558 नॉमिनी/परिजनों से विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें से 6,405 प्रकरणों पर निर्माण श्रमिकों के नॉमिनी/परिजनों को राशि रूपये 64,05,00,000/- भुगतान किया गया है तथा लंबित 393 प्रकरण समय-सीमा में है, जिसके निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

श्रम विभाग जिला बालोद द्वारा बाल श्रमिकों के नियोजन के संबंध में किये गये निरीक्षण

[श्रम]

47. (क्र. 529) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-01 जनवरी, 2021 से दिनांक 15 जनवरी, 2024 तक की अवधि में क्या श्रम विभाग, जिला बालोद द्वारा जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न दुकानों, ढाबों, होटलों, व्यावसायिक संस्थानों, कारखानों आदि में बाल श्रमिकों के कार्यरत/नियोजित होने के संबंध में, निरीक्षण किया गया? यदि हां, तो उक्तावधि में निरीक्षण के दौरान कितने बाल श्रमिक नियोजित पाये गये एवं उनके नियोजक के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गयी? जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : जी हाँ, 01 जनवरी, 2021 से दिनांक 15 जनवरी 2024 तक की अवधि में निरीक्षण के दौरान01 संस्थान में 03 किशोर श्रमिक नियोजित पाये गये। नियोजक के विरूद्ध बालक एवं किशोर (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत माननीय श्रम न्यायालय में

अभियोजन दायर किया गया, जिसमें माननीय श्रम न्यायालय द्वारा अभियुक्त को राशि 30,000/- रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

बिलासपुर जिले में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत किये गए कार्यों में अनियमितता

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

48. (क्र. 532) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले के पैकेज सी जी 02 -51 व NIT No. 91/RC-4/ADB/CGRRDA/2006, Raipur Date - 05-09-2006 के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? यदि हाँ, तो अपूर्ण अंतिम मूल्यांकन, कार्यों की अनियमितता, गड़बड़ी, समयानुपातिक प्रगति नहीं होने के कारण विलम्ब हेतु अनुबंध की कंडिका 53 व 53 (1) एवं 31 अनुसार ठेकेदार पर कार्यवाही हेतु किन- किन विभागों एवं अधिकारियों से कब- कब पत्राचार किया गया है? की गई कार्यवाही की विभागवार, दिनांकवार एवं वसूली योग्य राशि की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां, स्वीकृति प्रदान की गई है। पैकेज क्रमांक सी.जी.-02-51 के निविदा निरस्त करने के पश्चात अनुबंध की कंडिका 53 (1) अनुसार कार्यालयीन पत्र क्रमांक 325/तक./पीआईयू-1/2011 बिलासपुर दिनांक 22.02.2011 द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर को ठेकेदार मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन कुरूद जिला-धमतरी से राशि 74699446.00 शब्दों में सात करोड़ छियालिस लाख निन्यानवें हजार चार सौ छियालिस रूपये वसूली किया जाना प्रस्तावित किया गया है। परियोजना क्रियान्वयन इकाई बिलासपुर का कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1957/तक./पीआईयू-1/2012 बिलासपुर दिनांक 12.10.2012, कलेक्टर जिला- धमतरी छ.ग. को ठेकेदार के विरूद्व वसूली की जानकारी निर्धारित प्रपत्र (आर.आर.सी.) फार्म में कलेक्टर बिलासपुर से अनुमोदन पश्चात प्रेषित किया गया। कार्यालयीन पत्र क्रमांक 4607/स्था./पीआईयू/2022 मुंगेली दिनांक 02.08.2022 के द्वारा कलेक्टर जिला-धमतरी छ.ग. को ठेकेदार के विरूद्व वसूली किए जाने हेतु मुंगेली कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। वसूली शेष है।

जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी -3 की भर्ती में अनियमितता पर कार्यवाही

[गृह]

49. (क्र. 533) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या जिला धमतरी अंतर्गत जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी -3 की भर्ती में अनियमितता/गड़बड़ी एवं फर्जी दस्तावेज के आधार पर नियुक्ति के संबंध में थाना मगरलोड में विभिन्न धाराओं एवं एस. सी., एस. टी. एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना किया जाना था? क्या माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा कोई निर्देश दिए गए थे? यदि हॉं, तो क्या निर्देश का पालन किया गया है? उक्त संबध में किन- किन स्तरों पर क्या कार्यवाही की गयी है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां, माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में निम्नानुसार कार्यवाही की गई हैः-(1) याचिका क्रमांक 1060/2011 एवं 884/2012 में आदेश दिनॉंक 03.01.2012 में आरोपी कमलकांत तिवारी द्वारा अग्रिम जमानत याचिका निरस्त किये गये आदेश का परिपालन किया गया।(2) इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में याचिका क्रमांक 1385/2022 आदेश दिनॉंक14.11.2022 को आरोपी नीलकंठ सिन्हा, शत्रुहन लाल साहू को अग्रिम जमानत दिये जाने के परिपालन में आरोपियों को दिनांक 30.11.2022 को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया है। (3) माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में याचिका क्रमांक 1826/2022 आदेश दिनांक 04.01.2023 के परिपालन में आरोपी श्याम साहू, नारायण सिंह ध्रुव को दिनांक 18.01.2023 को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया है।

अविभाजित जिला राजनांदगांव में एल. डब्ल्यू .ई. मद में प्राप्त राशि का आबंटन

[गृह]

50. (क्र. 536) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अविभाजित जिला राजनांदगांव में वर्ष 2020-21 से 2023-24 में दिनांक 31.12.2024 तक केंद्रीय मद से एल. डब्ल्यू. ई. योजना अंतर्गत कितनी राशि जिले को प्राप्त हुई थी ? **(ख)** प्राप्त राशि का आबंटन किस-किस प्रयोजन हेतु किया गया है? स्वीकृत कार्यो की जानकारी, विकासखंडवार कार्यवार, वर्षवार जानकारी प्रदान करे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** केन्द्रीय मद से ''एल.डब्ल्यू.ई.योजना'' नामक किसी भी योजना की कोई राशि पुलिस विभाग को प्राप्त नहीं होती है। अतएव अविभाजित जिला राजनांदगांव में वर्ष 2020-21 से 2023-24 में दिनांक 31.12.2024 तक केन्द्रीय मद से एल.डब्ल्यू.ई. योजना अंतर्गत प्राप्त राशि की जानकारी **निरंक** है।

राजनादगांव जिले में श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनायें

[श्रम]

51. (क्र. 539) श्री भोलाराम साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अविभाजित राजनांदगांव जिले में दिनाँक 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में श्रम विभाग के द्वारा कौन-कौन सी योजनायें संचालित की जा रही हैं तथा पंजीकृत श्रमिकों को क्या-क्या सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं ? विकासखण्डवार, योजनावार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार श्रमिकों को किन-किन योजनाओं से क्या-क्या लाभ प्रदान किए गए हैं ? विकासखंडवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) अविभाजित राजनांदगांव जिले में दिनाँक 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की मंडलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र - 'अ'** अनुसार है। उक्त मंडलों के अंतर्गत संचालित योजनाओं में देय हितलाभ एवं लाभान्वित की मण्डलवार, विकासखण्डवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब', 'स' एवं 'द'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'ब','स'** एवं **'द'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

राजनांदगांव जिले के थानों में दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

[गृह]

52. (क्र. 541) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक राजनांदगांव जिले के विभिन्न थानों में चोरी, डकैती, बलात्कार, सट्टा, जुआ, गांजा, अवैध शराब एवं ठगी के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं ? वर्षवार, थानावार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" की अवधि में पंजीबद्ध प्रकरणों में, किन-किन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? वर्षवार, थानावार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में राजनांदगांव जिले के विभिन्न थानों में चोरी, डकैती, बलात्कार, सट्टा, जुआ, अवैधशराब, एवं ठगी के दर्ज प्रकरण की वर्षवार, थानावार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे ''प्रपत्र'' अनुसार है।**(ख)** वर्षवार, थानावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र''** अनुसार है।

शासकीय एवं निजी संस्थाओं/विश्व विद्यालयों के तकनीकी पाठयक्रम में प्रवेश के प्रवाधान

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

53. (क्र. 544) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के अधिनियम के अनुसार छ.ग. शासन के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी संस्थाओं/विश्व विद्यालय के तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से प्रवेश दिए जाने का प्रावधान है? उक्तानुसार निजी विश्वविद्यालयों में तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु वर्ष 2021 से नवम्बर, 2023 तक इसका पालन किन-किन के द्वारा नहीं किया गया है? वर्षवार, विश्वविद्यालयवार, कोर्स व संख्यावार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से प्रवेश नहीं देने वाले निजी विश्वविद्यालयों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हाँ, प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के अधिनियम के अनुसार छ.ग. शासन के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी संस्थाओं/विश्व विद्यालय के तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से प्रवेश दिए जाने का प्रावधान है। शेषांश की जानकारी निरंक है।**(ख)** छ.ग. निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कॉमन एंट्रेस टेस्ट हेतु प्रावधान नहीं है। अतः प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा हेतु लगाए गए सी. सी. टी. वी.कैमरों का रखरखाव

[गृह]

54. (क्र. 545) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से वर्ष 2021 से 31 दिसम्बर, 2023 तक लगाये गए सी. सी. टी. वी. कैमरे किस निविदा के तहत लगाए गए ? निविदा की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध करावें तथा उक्त क्रय की गई सामग्री की गुणवत्ता सम्बंधित मापदंड एवं लागत तथा भुगतान की गई राशि की जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत शहर में पुलिस विभाग द्वारा लगाए गए सी. सी. टी.वी. कैमरे वर्तमान स्थिति कितने चालू स्थिति में हैं एवं कितने बंद हैं ? यदि बंद हैं तो उक्त सी. सी. टी.वी. कैमरों के रखरखाव की जिम्मेदारी किस फर्म अथवा ठेकेदार की है? जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से वर्ष 2021 से 31 दिसम्बर 2023 तक सी.सी.टी.वी कैमरे कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के द्वारा लगाये गये है। सीसीटीवी का क्रय निविदा के माध्यम से न किया जाकर सीएसआईडीसी के माध्यम से सीएसआईडीसी में उल्लेखित गुणवत्ता /मांपदण्ड के अनुरूप क्रय लगाये गये है। कुल लागत मूल्य-राशि रूपये 73.823 लाख रूपये एवं फर्मो को भुगतान की गई राशि रूपये 59.0584 लाख है । सीसीटीवी कैमरे का क्रय जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला निर्माण समिति कोण्डागांव द्वारा की गई है।**(ख)** वित्तीय वर्ष 2018-19 में पुलिस विभाग द्वारा कोण्डागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सीसीटीव्ही कैमरा लगाया है, जिसमें से 04 कैमरा चालू स्थिति में एवं 54 बंद है। पुलिस विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में कोण्डागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगाये गये सीसीटीवी कैमरा के रख-रखाव किये जाने हेतु कलेक्टर जिला कोण्डागांव के द्वारा आदेश क्रमांक/1869/ एलडब्ल्यू/ई/प्रशा.स्वी./2019-20 कोण्डागांव दिनांक 01.01.2021 के माध्यम से जिला निर्माण समिति को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया। जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के द्वारा निविदा के माध्यम से कोण्डागांव नगर पालिका क्षेत्र में लगे सीसीटीव्ही कैमरा मरम्मत हेतु गुप्ता कंस्ट्रशन, कोण्डागांव जिम्मेदार है।

गृह विभाग में स्वीक़त, भरे एवं रिक्त पदों

[गृह]

55. (क्र. 548) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या गृह विभाग अंतर्गत प्रदेश के जिलों मे वाहन चालक, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, सहायक उप निरीक्षक, उप निरीक्षक, निरीक्षक, सउनि (मिनिस्ट्रियल) पद स्वीकृत हैं ? यदि हां, तो स्वीकृत पदों के विरूद्ध कितने पद भरे हैं कितने रिक्त हैं ? पदवार / जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** रिक्त किन-किन पदों की कितनी-कितनी संख्या में पूर्ति हेतु वित्त विभाग को प्रस्ताव वर्ष 2022 से 12 जनवरी, 24 के मध्य प्रेषित किया गया है ? कितने पदों में भर्ती हेतु अनुमति प्राप्त हो चुकी हैं ? कितने लंबित हैं तथा किन-किन पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है ? भर्ती प्रक्रिया कितने एवं किन-किन पदों हेतु पूर्ण कर ली गई है? कितनें कब से लंबित हैं तथा लंबित होने के कारण क्या हैं व कब तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) :(क) जी हां। **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2022 से 12 जनवरी 2024 की अवधि के मध्य जिला पुलिस बल के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की भर्ती के माध्यम से पूर्ति की अनुमति हेतु वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया। जिला पुलिस बल के सीधी भर्ती के 6281 पदों पर भर्ती की सशर्त अनुमति प्राप्त हुई। जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के 5967 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया। इन पदों का विवरण **संलग्न प्रपत्र -''ब''**अनुसार है। भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न योंजना के तहत निर्मित सड़कों का संधारण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

56. (क्र. 549) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण / प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़कें कितनी लम्बाई की कितनी-कितनी राशि की निर्मित की गई हैं? ग्रामवार सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के निर्मित सड़कों में से कितनी सड़कों की 05 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद संधारण हेतु कितनी-कितनी राशि का ठेका किस-किस एजेंसी/ठेकेदारों को प्रदान किया गया है ? कितने का संधारण कार्य पूर्ण, कितने का अपूर्ण है ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? सड़कों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क एवं ख' के कार्यों में अनियमित्ता / भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आया है एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? सड़कवार जानकारी उपलब्ध करावें

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-अ'' अनुसार है। **(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' के कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की 01 शिकायत प्राप्त हुई है, विभाग द्वारा उक्त शिकायतों की जाँच कराई गई है, की गई कार्यवाही का विवरण सड़कवार **संलग्न ''प्रपत्र-स''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से ग्राम पंचायतों के अधोसंरचना मद से जारी राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

57. (क्र. 552) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से प्रदेश की ग्राम पंचायतों को अधोसंरचना मद से वर्ष 2023-24 में कितनी राशि जारी की गई है ? विधानसभावार या जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** उपरोक्त कार्यो

की 10.01.2024 की स्थिति में वित्तीय एवं भौतिक स्थिति, प्रगति, पूर्ण,अपूर्ण तथा अप्रारंभ की जानकारी जिलेवार विधानसभावार बतावे ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार है। **(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अंतर्गत मनरेगा के स्वीकृत कार्य व राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

58. (क्र. 557) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत वर्ष 2020-2021 से दिनांक 12 जनवरी,2024 तक मनरेगा अंतर्गत कितने कार्य व कितनी राशि की स्वीकृति हुई है ? इनमें कितने कार्य पूर्ण व अपूर्ण हैं वि.खं.वार विवरण देवें ? **(ख)** इस अवधि में कितने मजदूरों को काम दिया गया है ? कितने परिवारों ने जॉब कार्ड में अपना पंजीयन कराया है ? पंजीयन हेतु कितने प्रकरण शेष हैं ? **(ग)** प्रश्न 'क' के स्वीकृत कार्यों में मजदूरों एवं सामग्री हेतु कितनी राशि का भुगतान हुआ है ? कितना भुगतान शेष है ? विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

59. (क्र. 559) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. राज्य अंतर्गत जिलों की ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति क्या है ? कृपया बतावें ? **(ख)** क्या रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार कोई कार्यवाही करने जा रही है अथवा कोई कार्ययोजना प्रस्तावित है तो कृपया बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) छ.ग. राज्य अंतर्गत जिलों की ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों के स्वीकृत पद 10,978 कार्यरत पद 10,462 एवं रिक्त पद 516 है। **(ख)** जी हॉ, रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

बीजापुर जिले में पंजीकृत बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता का प्रदाय

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

60. (क्र. 565) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर जिले में दिसम्बर, 2023 की स्थिति में कितने बेरोजगारों का पंजीयन हुआ है? **(ख)** क्या शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों ? कब तक दिया जाएगा ? **(ग)** बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्रताए एवं राशि क्या-क्या है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) बीजापुर जिले में दिसंबर 2023 की स्थिति में 15658 का पंजीयन हुआ है।**(ख)** जी हां, प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र आवेदकों को रूपये 2500/- प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है। बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्रताएं निम्न है -(1) आवेदक, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।(2) आवेदन किये जाने वाले वर्ष की 01 अप्रेल को, आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक हो।(3) आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से, न्यूनतम हायर सेकेण्डरी (12वीं) परीक्षा उत्तीर्ण हो।(4) छत्तीसगढ़ के किसी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हो एवं आवेदन के वर्ष की 01

अप्रैल को हायर सेकेण्डरी अथवा उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो।(5) आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्रोत न हो एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रूपये 2,50,000/- से अधिक न हो।

विधानसभा क्षेत्र बीजापुर में मिनी स्टेडियम का निर्माण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

61. (क्र. 566) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2018-2019 से वर्ष 2023-24 तक कितने मिनी स्टेडियम कहां-कहां स्वीकृत किए गए हैं ? वर्षवार, विकासखण्डवार रकबा एवं लागत सहित जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अंतर्गत स्वीकृत मिनी स्टेडियम के निर्माण की वर्तमान प्रगति अप्रारंभ,पूर्ण,अपूर्ण की स्थिति क्या-क्या है ? **(ग)** अप्रारंभ तथा अपूर्णता के कारण क्या क्या हैं एवं कब तक पूर्ण होने की संभावना है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

जिला जांजगीर चाम्पा में सी. एस. आर. मद में प्राप्त राशि व उपयोग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

62. (क्र. 567) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर चाम्पा में वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में (31 दिसम्बर, 2023 तक) कितने उद्योगों से सी. एस. आर. मद में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? **(ख)** प्राप्त राशियों का, किन कार्यों में उपयोग किया गया एवं कितने कार्य लंबित हैं व कितनी राशि शेष है?

